संवाद - एमएसएमई क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के मध्य संबंध सुदृढ़ करने के लिए संवाद

एसआरएफ़ के अंतर्गत स्वावलंबन संकट उत्तरदायी कोष (एससीआरएफ़)

- एमएसएमई को ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म से नि:शुल्क जोड़ने में मदद करने के लिए एफ़सीडीओ, यूनाइटेड किंगडम सरकार की सहायता से एससीआरएफ़ की स्थापना की गई।
- पोर्टल से 11,600 से अधिक एमएसएमई जोड़े गए।

डिजिटल उत्पाद

- एमएसएमई पारितंत्र के सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए उद्यमी मित्र / स्टैंडअप इंडिया पोर्टल के माध्यम से एक प्रतीयमान पारितंत्र निर्मित किया गया।

सुरक्षा - एमएसएमई के विकास के लिए समर्थकारी परिवेश सृजित करना

कोवे मार्ट

- डिजिटल संपर्क के लिए, व्हाट्सऐप के माध्यम से क्रेता-विक्रेता को एक क्लिक से जोड़नेवाली प्रयोक्ता-अनुकूल सुविधा के रूप में कोवे मार्ट तैयार किया गया।
- इस पोर्टल से 98 महिला उद्यमियों को जोड़ा गया है।

अनुकरणीय उद्यमी (रोल मॉडल)

- 20 से अधिक गतिविधियों के माध्यम से चार राज्यों के 11 ज़िलों में 76 अनुकरणीय उद्यमियों की मदद की गई।
- इसके परिणामस्वरूप, इन अनुकरणीय उद्यमियों की मासिक आय में ₹2,750 से लेकर ₹20,000 तक, लगभग 70% से अधिक की वृद्धि हुई और इनकी कुल मासिक आय लगभग ₹6 लाख हो गई।

संप्रेषण - नीति निर्माताओं और एमएसएमई उद्यमियों के साथ रचनात्मक संवाद

परियोजना प्रबंध इकाई (पीएमयू)

11 राज्यों, अर्थात् असम, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पीएमयू की स्थापना की गई।

इनकी स्थापना का लक्ष्य एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ बनाना और शैक्षिक सत्रों के माध्यम से एक-दूसरे की अच्छी प्रथाएँ सीखना /उनका आदान-प्रदान करना है।

स्वावलंबन सूचना श्रृंखलाएँ

ज्ञान श्रृंखला, सूचना श्रृंखला, रेडियो जिंगल, वीडियो, आदि जैसे डिजिटल उत्पादों की शृंखला तैयार की गई।

वित्तवर्ष 2021 के दौरान, इसके पाँच खंड जारी किए गए और उन्हें हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित किया गया।

संगम - "मिलन बिंदु", जिसमें 4स स्तंभों में से एक से अधिक स्तंभों के गुण सम्मिलित होते हैं

स्वावलंबन सिलाई स्कूल

- इनका लक्ष्य उषा इंटरनेशनल के साथ साझेदारी में अनुकरणीय "गृह-उद्यमी " बनाना और उन्हें बढ़ावा देना है।
- सात राज्यों के 24 ज़िलों के 1,638 गाँवों में सिलाई स्कूल खोले गए।
- गृह-उद्यमियों ने आगे 16,982 शिक्षार्थियों को नामांकित किया - अर्थात् प्रति प्रत्यक्ष लाभार्थी औसतन 10 नए नामांकन।

सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम

- रोज़गार सृजन के लिए व्यवहार्य सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने का लक्ष्य।
- वर्तमान में, सात सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम चल रहे हैं।
- वित्तवर्ष 2021 के दौरान, 48 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनसे 3,337 प्रतिभागी लाभान्वित हुए और 420 उद्यमों की स्थापना हुई, जिनमें 1,866 व्यक्तियों को रोज़गार मिला।

ईयू स्विच एशिया बाँस परियोजना

- इसका लक्ष्य बाँस आधारित उद्यमों को बढ़ावा देना और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 5 राज्यों सहित 9 पिछड़े राज्यों में हरित रोज़गार पैदा करना है।
- 1,373 बाँस आधारित उद्यमों में से 900 उद्यम वित्तवर्ष 2021 के दौरान स्थापित/उन्नत किए गए।
- इस पहल के तहत 4,215 बाँस कारीगर लाभान्वित हुए, जिनमें से 2,500 वित्तवर्ष 2021 में लाभान्वित हुए।

सफाई और स्वच्छता उद्यमी (एसएचई)

- कीटाणुशोधन संबंधी प्रशिक्षण तथा संपोषण सहायता प्रदान कर, अनौपचारिक कार्यबलों के पुनर्निर्माण के संबंध में प्रायोगिक कार्यक्रम, जिनमें मुख्यत: महिलाएँ सम्मिलित हैं।
- 23 राज्यों में 650 एसएचई सम्मिलित किए गए और इससे कुल ₹92 लाख की आय अर्जित की गई।

वित्तीय साक्षरता के लिए स्वावलंबन सहायता : गाँवों का अंगीकरण तथा ऋण एवं बाज़ार संबंधी संपर्क-सूत्र - सफल

- बिहार और झारखंड राज्यों में 120 गाँव अपनाए गए।
- प्रवासियों सहित 2,400 आजीविका वाले व्यक्तियों को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करना और उनके लिए ऋण एवं बाज़ार संपर्क सुनिश्चित किया गया।

स्वावलंबन स्वाभिमान

- माइक्रोफाइनेन्स एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश (उपमा) के साथ साझेदारी की गई।
- इसका लक्ष्य 100 युवा आकांक्षियों/कारीगरों, मुख्य रूप से महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना है।

ग्रामीण नवोन्मेष प्रोत्साहन

- इसका लक्ष्य उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और झारखंड में, आईटीआई/पॉलीटेक्निक पर जोर देते हुए, 50 ग्रामीण नवोन्मेषों को बढ़ावा देना /उनका व्यावसायीकरण करना है।
- 18 ग्रामीण नवोन्मेषों के लिए सहायता दी गई।



आकांक्षी स्वावलंबियों को जोड़ने के लिए सिडबी की सहायता - साहस

- गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, त्रिशूर में 'एमएसएमई समाधान के लिए स्वावलंबन पीठ' की स्थापना।
- इसका लक्ष्य संस्था और क्षेत्र में उद्यमशीलता संस्कृति का निर्माण करना है।

सिमैप - केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सिमैप)

- इसका लक्ष्य औषधीय और सगंध पौधों की विभिन्न प्रजातियों से गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उत्पादन में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करना है।
- वित्तवर्ष 2021 के दौरान, ऑनलाइन स्टुप आयोजित किए गए, जिनसे 292 आकांक्षी लाभान्वित हुए।

बैंक सखी कार्यक्रम

- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से निर्धन महिलाओं को वैकल्पिक बैंकिंग और डिजिटल वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए बिहार के एसआरएलएम, जीविका के साथ भागीदारी की गई।
- बिहार के 36 ज़िलों में 1,640 से अधिक बैंक सखियाँ बनाई गई हैं।
- इस पहल से 250 किराना स्टोर/ग्रामीण खुदरा दुकानों की स्थापना में भी मदद मिली।

श्वास - उद्यमिता ऊर्जा का संचार

- मुक्ति की सहायता से, अम्फान चक्रवात और वैश्विक महामारी के बाद संघर्षरत पश्चिम बंगाल के सुंदरबन में स्वावलंबन त्वरक स्थापित किया गया।
- स्वसहायता समूहों की 1,000 महिलाओं को हस्तशिल्प और खाद्य प्रसंस्करण में प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- 20,000 लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुँचने की आशा है।

लेह में स्वावलंबन आजीविका वृद्धि और जागरूकता कार्यक्रम (एलईएपी)

- इसका लक्ष्य, लेह में सी बकथॉर्न-आधारित आजीविका परियोजनाओं के लिए सहयोग करना है।
- 75 उद्यमियों को समाहित करते हुए 15 उद्यम स्थापित करने और उनसे 750 परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

स्वावलंबन दिव्यांगजन सहायक तकनीकी-बाज़ार पहुँच (एटीएमए)

- स्वावलंबन - सोशल अल्फा के सहयोग से एटीएमए फंड शुरू किया गया।
- इसका लक्ष्य अंतिम उपयोगकर्ताओं, मुख्य रूप से दिव्यांगजनों के लिए सहायक प्रौद्योगिकी समाधान का समावेश आसान बनाना है।
- अगले दो वर्षों में लगभग 1,000 लोगों के लाभान्वित होने की आशा है।

सिडबी वित्तीय समावेशन नवोन्मेष केंद्र / एससीआईएफ़आई

- वित्तीय समावेशन पर काम करने वाले स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, आईआईएम, लखनऊ में स्थापित।
- 31 मार्च, 2021 तक 24 नवोन्मेषी स्टार्टअप को एससीआईएफ़आई द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

सामाजिक उद्यम व प्रभावोत्पादक निवेश

- इसका लक्ष्य, समृद्धि निधि और इसकी निवेशिती कंपनियों को सहयोग देना है।
- निधि स्तर पर, यह सहायता ईएसजी को सुदृढ़ बनाने और प्रभाव दर्शाने के लिए है।

नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

सीएसआर के अंतर्गत प्रमुख मार्गदर्शी कार्यक्षेत्र निम्नवत हैं :

पर्यावरण

- वालजाबाद के निकट नेकुप्पम तालाब की गाद निकालने और उसके जीर्णोद्धार के लिए सहयोग किया गया, जिससे 240 परिवार लाभान्वित हुए।
- बैंक ने इरोड ज़िले में गाद से भरे मलयमपालयम चेक डैम की गाद निकालने और उसे गहरा करने के लिए भी सहायता की है।
- इससे मलयमपालयम गाँव में 300 एकड़ से अधिक कृषि भूमि और 750 परिवार लाभान्वित हुए।

सशक्तीकरण

- आजीविका के लिए स्वावलंबन का सहारा देने के लिए, दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग और व्हीलचेयर वितरित किए गए।
- पारंपरिक पलमायरा (खजूर वृक्ष) पत्ता हस्तशिल्प व्यवसाय शुरू करने के लिए पुलिकट में 20 मछुआरिनों के समूह की सहायता की गई।
- पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना ज़िले में अम्फान चक्रवात से प्रभावित छह गाँवों में 40 परिवारों को आजीविका बहाली के लिए सहायता दी गई।

सक्षम बनाना

- पैरा एथलीटों के प्रोत्साहन के लिए, भारत की पैरालिंपिक समिति को खेल किट, खेल उपकरण और इलेक्ट्रिकल सामग्रियाँ देकर सहायता की गई।
- कई बुनियादी ढाँचागत परियोजनाएँ चलाई गई, जैसे - तीन रोगी सुविधा केंद्र, पाँच स्मार्ट क्लासरूम/आर्ट रूम तथा चार वाटर एटीएम की संस्थापना और एम्बुलेंस का दान, आदि।

कोविड वैश्विक महामारी के दौरान समर्थन



सहायक /सहयोगी संस्थाएँ - राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावकारी :

सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) (1999)

- यह निवेश प्रबंध कंपनी है, जो वर्तमान में आठ निधियों के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य करती है और जिनकी आहरण-योग्य समूह-निधि ₹1,722.76 करोड़ है और बकाया समूह-निधि ₹794.04 करोड़ है।
- न्यू होराइज़न निधि की लक्ष्य समूह-निधि ₹500 करोड़ है और यह फिनटेक, उपभोक्ता-केंद्रित अभिनव उत्पादों, हरित प्रौद्योगिकी और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पर केंद्रित है। इसने यथा 31 मार्च, 2021 तक प्रतिबद्धता के रूप में ₹130 करोड़ प्राप्त किए हैं।
- उभरते सितारे निधि जुलाई 2021 में पंजीकृत की गई और यह अच्छी निर्यात क्षमता वाली एमएसएमई इकाइयों को ईक्विटी और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए ₹1,000 करोड़ रुपये की योजना है। इसे एक्जिम बैंक और सिडबी के सहयोग से संचालित किया जाना है।

माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट ऐंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा) (2015)

- 31 मार्च, 2021 को, इसका बकाया संविभाग ₹13,627 करोड़ था।
- मुद्रा ने वित्तवर्ष 2021 के दौरान ₹12,303 करोड़ की पुनर्वित्त सहायता प्रदान की है।
- 31 मार्च, 2021 को, मुद्रा की संचयी मंज़ूरियाँ और संवितरण क्रमशः ₹39,453 करोड़ रुपये और ₹37,799 करोड़ रुपये थे।

उड़ान ब्रांड के रूप में परिचालनरत क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर एमएसई (सीजीटीएमएसई) (2000)

- ₹2 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधाओं के संबंध में एमएसई के लिए ऋण गारंटी योजना।
- 31 मार्च, 2021 तक संचयी रूप से 51.42 लाख एमएसई ऋण खातों के लिए गारंटियाँ मंज़ूर की गई, जिनकी ऋण राशि ₹2.58 लाख करोड़ थी।
- कुल मिलाकर 2.79 लाख दावों का निपटारा किया गया, जिनकी कुल राशि ₹7,085.66 करोड़ थी।
- वित्तवर्ष 2021 के दौरान, ₹36,899 करोड़ की राशि की 8,35,592 गारंटियाँ मंज़ूर की गईं।
- सहायताप्राप्त इकाइयों ने लगभग 132 लाख रोज़गार सृजित किए हैं और निर्यात में ₹16,550 करोड़ रुपये का योगदान किया है।

रिसेवेबल एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल) (2016)

- यह एमएसएमई ऑनलाइन ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग प्रणाली (ट्रेड्स) का संचालन करने वाला सिडबी-एनएसई का संयुक्त उद्यम है।
- 31 मार्च, 2021 को, इसके पास 7,134 एमएसएमई विक्रेता, 629 क्रेता, और 42 वित्तपोषक पंजीकृत थे।
- 31 मार्च, 2021 को, आरएक्सआईएल ट्रेड्स प्लेटफॉर्म ने 4,96,102 से अधिक बीजकों के प्रति कुल ₹10,318.93 करोड़ मूल्य की संचयी फ़ैक्टरिंग (वित्तपोषण) की।

एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड (एक्यूइट) (2005) (पूर्वकालीन स्मेरा)

- भारत की पहली एमएसएमई-केंद्रित रेटिंग एजेंसी, जो अब एक पूर्ण-सेवा क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है।
- अल्पवित्त संस्थाओं (एमएफ़आई) को श्रेणीकरण (ग्रेडिंग), अनुसंधान और सलाहकार सेवाएँ प्रदान करने के लिए माइक्रोफिन एनालिटिक्स का आरंभ किया।
- एक्यूइट ने 31 मार्च, 2021 तक 50,000 से अधिक एसएमई रेटिंग और 8,700 से अधिक बैंक ऋण रेटिंग पूरी की हैं।

इंडिया एसएमई ऐसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आईएसएआरसी) (2008)

- 31 मार्च, 2021 को, लगभग ₹398.76 करोड़ की आस्तियाँ आईएसएआरसी के प्रबंधाधीन हैं।

ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड

पीएसबीलोन्सइन59मिनट्स

- पहुँच और प्रदत्त ऋणों के स्वरूप के संदर्भ में सबसे बड़ा फिनटेक प्लेटफ़ॉर्म।
- 31 मार्च 2021 तक, 3.97 लाख एमएसएमई इकाइयों ने प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले ऋणदाताओं से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त किए हैं और उनमें से 3.15 लाख एमएसएमई इकाइयों को अंतिम मंज़ूरी भी मिल चुकी है।

अध्याय 4 प्रबंधतंत्र और नैगम अभिशासन

बैंक ने नैगम अभिशासन की सर्वोत्तम पद्धतियाँ अपनाई हैं और उनका पालन किया है, जिसके फलस्वरूप उच्चस्तरीय व्यवसायगत नैतिकता के साथ प्रभावी प्रबंध तथा सभी हितधारकों के लिए वर्द्धित मूल्य सुसाध्य हुए हैं।

निदेशक-मंडल का संघटन

सिडबी अधिनियम में 15 निदेशकों वाले निदेशक-मंडल का प्रावधान है।



यथा 31 मई, 2021 को निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा दो पूर्णकालिक निदेशकों सहित कुल 11 निदेशक हैं।

बैंक के शेयरधारकों की 22वीं वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 02 जुलाई, 2020 को लखनऊ में संपन्न हुई।

शेयरधारिता का स्वरूप

बैंक के शेयर भारत सरकार और केंद्र सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाली 22 अन्य संस्थाओं /सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों /बीमा कंपनियों के पास हैं। यथा 31 मई, 2021 को प्रमुख शेयरधारकों के विवरण निम्नानुसार हैं:



आंतरिक समितियाँ (वित्तवर्ष के दौरान बैठकों की संख्या)

समिति	बैठकें
उद्यम जोखिम प्रबंध समिति	8 बैठकें
जोखिम एवं सूचना सुरक्षा समिति	3 बैठकें
व्यवसाय सातत्य प्रबंध संचालन समिति	3 बैठकें
कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न की रोकथाम - आंतरिक परिवाद समिति	(कोई शिकायत नहीं)
निवेश समिति	35 बैठकें
आस्ति देयता प्रबंध समिति	19 बैठकें

जोखिम प्रबंध

बैंक ने विस्तृत जोखिम प्रबंध प्रणाली स्थापित की है, जो इसके व्यवसाय एवं अन्य परिचालनों के फलस्वरूप उत्पन्न विभिन्न जोखिमों के प्रति संवेदनशील और अनुक्रियाशील है।

उद्यम जोखिम प्रबंध (ईआरएम) - विस्तृत दस्तावेज़, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित सहायक नीतियाँ सम्मिलित है -

- ऋण नीति
- प्रतिभूति एवं संपार्श्विक प्रतिभूति प्रबंध नीति
- निवेश नीति
- आस्ति-देयता प्रबंध नीति
- परिचालनगत जोखिम प्रबंध नीति
- आईटी एवं साइबर सुरक्षा नीति
- व्यवसाय सातत्यता प्रबंध नीति

आईसीएएपी नीति अवशिष्ट जोखिम, ऋण संकेंद्रण जोखिम, बैंकिंग बही में ब्याजदर जोखिम, विधिक जोखिम, प्रतिष्ठा जोखिम, आदि से संबंधित विषयों का समाधान करती है।

एकीकृत जोखिम प्रबंध प्रणाली (आईआरएमएस) में निम्नलिखित नीतियाँ एवं प्रणालियाँ सम्मिलित हैं

- ऋण जोखिम प्रबंध
- बाज़ार जोखिम प्रबंध
- जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम)
- स्मार्ट एवं प्राप्तांक-पत्र
- ओआरएम
- आईसीएएपी

बैंक ने विलुप्त डेटा प्रग्रहण, प्रमुख जोखिम संकेतक तथा जोखिम एवं नियंत्रण के स्व-मूल्यांकन के लिए एक व्यापक परिचालन जोखिम मूल्यांकक (कोर) प्रणाली क्रियान्वित की है।

गैर-निष्पादक आस्ति प्रबंध

परिचालन संबंधी उपाय

- एक वसूली कक्ष को विशिष्ट आस्ति वसूली शाखा में स्तरोन्नत किया गया, 31 मार्च, 2021 तक कुल 8 विशिष्ट आस्ति वसूली शाखाएँ।
- ऋण वसूली नीति को सरल और अधिक व्यावहारिक बनाया गया।
- आस्तियों की बिक्री, आरक्षित मूल्यों का परिकलन और एकबारगी निपटान ज्ञापन के लिए विभिन्न परिदृश्यों प्रगृहीत करने के लिए स्वचालित मॉड्यूल आरंभ किए गए।

परिचालन की निगरानी एवं समीक्षा

- निदेशक-मंडल स्तर की वसूली समीक्षा समिति ₹3 करोड़ या उससे अधिक बकायाराशि वाली सभी गैर-निष्पादक आस्तियों की समीक्षा करती है।
- प्र. का. एवं परिचालन कार्यालयों के बीच आवधिक विचार-विमर्श।
- एसएमए खातों की पाक्षिक समीक्षा के लिए दबावग्रस्त आस्ति निगरानी समिति।

आंतरिक लेखापरीक्षा प्रबंध

परिचालनगत -

- शाखा कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं प्र.का. के चुनिंदा उद्-भागों की परिचालनगत लेखापरीक्षा
- प्र.का. के उद्-भागों की प्रबंध लेखापरीक्षा
- सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा
- धोकाधड़ी वाले मामलों की विशेष लेखापरीक्षा
- समवर्ती लेखापरीक्षा कार्य की पर्यवेक्षण
- बाह्य लेखापरीक्षा फ़र्मों द्वारा सीवीपीसी, डीसीवी, आईएफ़वी, वीसीएफ़, एआईसी और एसएएनएमवी सहित टीआरएमवी और प्रशासन उद्-भाग की संपन्न मासिक समवर्ती लेखापरीक्षा की रिपोर्टों की समीक्षा।
- प्रत्यक्ष ऋण योजनाओं के अंतर्गत ₹7.5 करोड़ से अधिक के ऋण-जोखिम सीमा वाले मामलों के लिए क्षे.का. के माध्यम से ऋण लेखापरीक्षा, और अन्य मामलों के लिए नमूना आधार पर 10% मामलों में ऋण लेखापरीक्षा।

वित्तवर्ष 2021 के दौरान प्रमुख उल्लेखनीय तथ्य

- 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, 36 शा.का. में समवर्ती लेखापरीक्षा व्यवस्था की गई, जिसमें 82 प्रतिशत से अधिक प्रत्यक्ष ऋण परिचालन समाहित है।
- 77 शा.का./क्षे.का./प्र.का. के उद्-भागों की परिचालनगत लेखापरीक्षा
- 57 शा.का. की सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा

मानव संसाधन - रोधक्षमता और पुनरुत्थान का वर्ष

बैंक अपने मानव संसाधन को अपनी मूल्यवान आस्ति मानता है। बैंक के कर्मचारी, इसकी प्रक्रियाएं और इसकी प्रौद्योगिकी - ग्राहक सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तुलनात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यबल का ज्ञान, उसका कौशल और विविधता महत्वपूर्ण है। एमएसएमई क्षेत्र में रूपान्तरण के अपने प्रकार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न करने के लिए बैंक अपने मानव संसाधन को व्यावसायिक कार्यनीति के साथ सतत संरेखित कर रहा है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी की अभूतपूर्व घटना ने मार्च 2020 में व्यवसाय में गतिरोध ला दिया था। विगत वित्तीय वर्ष - भविष्य, स्वास्थ्य और सुरक्षा के संदर्भ में अनिश्चितता और भय के साथ शुरू हुआ। बैंक ने न केवल अपने लोगों की अपितु अपने ग्राहकों की भी सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की।

कोविड ने हमें न केवल अपने अस्तित्व को बचाए रखने की सीख दी अपितु समग्र रूप से एक बेहतर संस्थान के रूप में उभरना भी सिखाया है।

क वर्ष के दौरान बैंक द्वारा की गई कुछ पहलें इस प्रकार हैं:

कोविड-19 प्रबंधन - कोविड के लिए निर्धारित, उपयुक्त प्रोटोकॉल / व्यवहार को संबंधित कार्यालयों ने अपनाया। कोविड प्रबंधन के संबंध में पूरे कार्य की निगरानी के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल बनाए गए। आवास से कार्य सहित लचीले कार्य समय द्वारा यह सुनिश्चित किया कि शाखाओं में कार्य जारी रहे ताकि ग्राहक प्रभावित न हों। इसके अतिरिक्त, सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया गया। बैंक ने अपोलो हॉस्पिटल्स के सहयोग से प्रमुख मेट्रो शहरों में क्वारंटाइन सुविधाओं के लिए टाई-अप की व्यवस्था भी की। भारत में कोविड के टीकाकरण की शुरुआत के साथ, बैंक ने आवश्यक व्यवस्था की, अभियान चलाए और अपने सभी पात्र कर्मचारियों को टीकाकरण का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके द्वारा बैंक अपने कार्यालयों के भीतर व्यापक प्रसार को नियंत्रित करने में सक्षम रहा है और शुरू की गई सभी सरकारी योजनाओं और कोविड केन्द्रित विशेष योजनाओं के सामयिक कार्यान्वयन के द्वारा व्यवसायिक निरंतरता सुनिश्चित की है। बैंक ने कोविड-19 निधियों से संबंधित भारत सरकार आदि की कल्याणकारी गतिविधियों को भी सुगम बनाया, इसमें कर्मचारियों ने पूरे दिल से भाग लिया।

कर्मचारी हितैषी पहल - महामारी से उत्पन्न जोखिमों के कारण, वार्षिक स्थानान्तरण कम से कम किए गए। अधिकारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ-साथ व्यवसाय की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए नए कार्यालय को ऑफसाइट रिपोर्टिंग की अवधारणा लाई गई। कर्मचारियों और परिवारों को असुविधा से बचाने के लिए रिपोर्टिंग समय में विस्तार की अनुमति दी गई।

नेतृत्व विकास - ग्रेड 'डी', 'ई' और 'एफ' अधिकारियों के लिए उनके नेतृत्व गुणों के विकास हेतु ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ख मानव संसाधन की संख्या

31 मार्च, 2021 तक की स्थिति के अनुसार, बैंक में 1,013 सक्रिय पूर्णकालिक कर्मचारी थे, जिनमें 891 अधिकारी, 93 श्रेणी III कर्मचारी और 29 अधीनस्थ कर्मचारी शामिल थे।

कुल कर्मचारियों में से 177 (कुल कर्मचारियों की संख्या का 17.47%) अनुसूचित जाति (एससी), 74 (7.31%) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 204 (20.14%) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित हैं। कर्मचारियों की संख्या में 29 दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) और 2 पूर्व सैनिक शामिल हैं। सिडबी में रोस्टरों का भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार रखरखाव किया जाता है और मुख्य संपर्क अधिकारियों द्वारा वार्षिक जांच की जाती है और इसकी समय-समय पर भारत सरकार द्वारा भी समीक्षा की जाती है। 31 दिसंबर, 2020 तक की स्थिति को रोस्टर में अद्यतन किया गया है।

बैंक अपने महिला कार्यबल के संबंध में एक समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है। इसका उद्देश्य पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही और अधिक से अधिक जिम्मेदारियों का निर्वाह कर रही महिलाओं को समान और निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है। सिडबी के कुल 1,013 कर्मचारियों में महिला कर्मचारियों की संख्या 229 (23%) है। बैंक समय-समय पर ऐसी नीतियां लाता रहा है जो महिला कर्मचारियों को बेहतर कार्य जीवन संतुलन के प्रबंधन में सहयोग प्रदान करता है।

ग यौन उत्पीड़न की रोकथाम- आंतरिक शिकायत समिति

बैंक महिला कार्यबल हेतु सकारात्मक और सम्मानजनक कार्यस्थल बनाने को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, महिला कर्मचारियों को पद स्थापना, स्थान नियोजन या छुट्टी के मामले में बेहतर कार्य जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए सभी सहायता प्रदान की जाती है। बैंक महिला कर्मचारियों को एमएसएमई क्षेत्र के विकास में अपना योगदान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, बैंक ने यौन उत्पीड़न उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों की शिकायतों के निवारण के लिए चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और नई दिल्ली में आंतरिक शिकायत समितियां स्थापित की हैं। वर्ष के दौरान, समितियों को यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

घ अध्ययन एवं विकास

बैंक की मानव संसाधन कार्यनीति में प्रशिक्षण और विकास एक अभिन्न अंग रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, एमएसएमई इकाईयों के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में सिडबी की भूमिका, नीतियों के पक्षसमर्थन, संवर्द्धन एवं विकास, एमएसएमई इकाईयों से जुड़े विभिन्न संस्थानों के साथ समन्वय, उद्यमिता पर पथप्रदर्शन आदि पर अधिक ध्यान देने के साथ इसमें विस्तार हुआ है। इसके अतिरिक्त, प्रत्यक्ष वित्त परिचालन पर नए सिरे से जोर देने के साथ, सिडबी के नए दृष्टिकोण और उद्देश्यों के साथ स्टाफ कौशल को संरेखित करना लाजिमी हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान, मानव संसाधन सलाहकारों की सिफारिशों के अनुरूप संगठनात्मक लक्ष्यों, भविष्य की व्यावसायिक अनिवार्यताओं और व्यक्तिगत कर्मचारी आवश्यकताओं के साथ प्रशिक्षण आवश्यकताओं में अधिक संरेखण प्राप्त करने के प्रयास किए गए। वर्ष की शुरुआत में, विभिन्न उद्भागों से प्राप्त निविष्टियों के साथ एक प्रशिक्षण आवश्यकता मूल्यांकन (टीएनए) किया गया। वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कुल 1,257 नामांकन किए, जिसमें आवासीय कार्यक्रमों के लिए 1,179 नामांकन और ऊपरोल्लिखित प्रसिद्ध प्रशिक्षण / शैक्षणिक संस्थानों में 78 नामांकन शामिल हैं। कुल 1,257 नामांकनों में 241 महिलाएं नामांकित की गईं और 623 नामांकित व्यक्ति अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के थे। पिछले वित्त वर्ष में 743 कर्मचारियों की तुलना में वित्त वर्ष के दौरान कुल 772 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया था। वर्ष के दौरान प्रशिक्षण मानव दिवसों की कुल संख्या पिछले वित्त वर्ष में 1,785 की तुलना में बढ़कर 2,808 हो गई।

सिडबी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों / कर्मचारियों को पूर्व-पदोन्नति / पूर्व-भर्ती और सेवाकालीन प्रशिक्षण भी प्रदान करता है ताकि वे चयन की प्रक्रिया के लिए तैयार हो सकें और उन्हें सामान्य श्रेणी से आने वाले अपने समकक्ष के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिल सके। कुल 157 कर्मचारियों को पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें से 58 एस.सी. श्रेणी (37%), 27 एस.टी. श्रेणी (17%) और 72 (46%) कर्मचारी अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के थे।

आभासी माध्यम से आवासीय कार्यक्रमों के संचालन में प्रशिक्षण प्रभाग ने सफल शुरुआत की है। वर्ष के दौरान सभी कार्यक्रम 'माइक्रोसॉफ्ट टीम' प्लेटफॉर्म पर आभासी माध्यम से आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को क्रिसिल, एनएएचआरडी, एनआईबीएम, एफआईएमएमडीए, आईडीआरबीटी, सीएएफआरएएल, आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा संचालित / आयोजित विभिन्न विशिष्ट अंतर्देशीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं में भी नामित किया गया।



बैंक में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

बैंक के विभिन्न कार्यालयों में 89 राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ।

'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी पत्राचार क्रमशः 98%, 90% और 72% रहा।

हिंदी प्रत्रिका 'संकल्प' के 95 अंक प्रकाशित।

'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी टिप्पणियाँ क्रमशः 85%, 82% और 75% रहीं।

वित्तवर्ष 2021 के दौरान 44 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित।

बैंक के हिंदी अधिकारियों के लिए अखिल भारतीय ई-सम्मेलन तथा केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली, के सहयोग से गहन अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

49 कार्यालयों और 10 उद्-भागों का राजभाषा निरीक्षण किया गया।

सभी कार्यालयों में हिंदी पुस्तकालय स्थापित है और हिंदी पुस्तकें खरीदने के लिए बज़ट निर्धारित था।

16वीं अखिल भारतीय सिडबी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

वित्तवर्ष 2021 के दौरान, सूचना के अधिकार से संबंधित 191 आवेदनपत्र प्राप्त हुए और सभी आवेदनपत्र समय से निपटाए गए।

बैंक के प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को 33 अपीलें प्रस्तुत की गई, जिन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रविधानों के अनुसार निर्धारित समयसीमा में निपटाया गया।

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा किए गए निर्णयों के विरुद्ध केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के समक्ष 3 अपीलें दायर की गईं और केंद्रीय सूचना आयोग ने रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान सभी 3 अपीलों का निपटारा किया।

सभी त्रैमासिक ऑनलाइन विवरणियाँ केंद्रीय सूचना आयोग को समय पर प्रस्तुत किए गए हैं।

आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए बैंक के किसी भी अधिकारी पर अर्थदंड या दंड नहीं लगाया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी

आधार आधारित बायोमेट्रिक और ओटीपी प्रमाणीकरण के लिए ई-केवाईसी समाधान लागू किया गया।

भा.रि.बैंक द्वारा निर्धारित 42 सचेतक-संदेश और डीएफएस द्वारा निर्धारित 84 सचेतक-संदेश समाहित करते हुए अग्रिम चेतावनी सचेतक प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) लागू किया गया।



लॉकडाउन अवधि के दौरान संपर्क रहित कामकाज के लिए विभिन्न कार्यालय स्वचालन साधन, जैसे - व्यवसाय के लिए स्काइप, माइक्रोसॉफ्ट टीम, डीएमएस, आदि संस्थापित किए गए।

आईटी सुरक्षा बढ़ाने के लिए, एक साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सीएसओसी) की स्थापना की गई, जिसे वित्तवर्ष 2021 में सक्रिय किया गया।

प्रधान कार्यालय
सिडबी टावर, 15, अशोक मार्ग,
लखनऊ - 226001 (उत्तर प्रदेश)
फोन नंबर : 0522-2288546-49, 0522-4261600, 4259700
फैक्स नंबर : 0522-2288459

www.sidbi.in

शाखा कार्यालय यथा सितम्बर 2021

अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय
अहमदाबाद शाखा कार्यालय, चांगोदर शाखा कार्यालय, गांधीधाम शाखा कार्यालय, जामनगर वि.शा.का., महेसाणा शाखा कार्यालय, मोरबी शाखा कार्यालय, ओढव शाखा कार्यालय, राजकोट शाखा कार्यालय, सूरत शाखा कार्यालय, वड़ोदरा शाखा कार्यालय, वटवा शाखा कार्यालय

बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय
बेंगलुरु शाखा कार्यालय, हुबली वि.शा.का., होसुर शाखा कार्यालय, पीन्या शाखा कार्यालय, पणजी शाखा कार्यालय, कोच्चि शाखा कार्यालय, मैसूर शाखा कार्यालय

चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय
चंडीगढ़ शाखा कार्यालय, जालंधर शाखा कार्यालय, जम्मू वि.शा.का., लुधियाना शाखा कार्यालय, शिमला वि.शा.का., यमुनानगर शाखा कार्यालय

चेन्नै क्षेत्रीय कार्यालय
अम्बतुर शाखा कार्यालय, चेन्नै शाखा कार्यालय, कोयम्बतुर शाखा कार्यालय, ईरोड शाखा कार्यालय, कांचीपुरम शाखा कार्यालय, मदुरै शाखा कार्यालय, पुडुच्चेरि शाखा कार्यालय

गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय
अगरतला शाखा कार्यालय, आइज़ॉल शाखा कार्यालय, दीमापुर शाखा कार्यालय, गंगटोक शाखा कार्यालय, गुवाहाटी शाखा कार्यालय, इम्फाल शाखा कार्यालय, ईटानगर शाखा कार्यालय, कोलकाता शाखा कार्यालय, शिलांग शाखा कार्यालय

हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय
भुवनेश्वर शाखा कार्यालय, हैदराबाद शाखा कार्यालय, रायपुर शाखा कार्यालय, विजयवाड़ा शाखा कार्यालय, विशाखपट्टणम शाखा कार्यालय

जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय
भीलवाड़ा शाखा कार्यालय, भिवाडी शाखा कार्यालय, जयपुर शाखा कार्यालय, जोधपुर शाखा कार्यालय, किशनगढ़ शाखा कार्यालय, सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र शाखा कार्यालय, उदयपुर शाखा कार्यालय, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र शाखा कार्यालय

लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय
कानपुर शाखा कार्यालय, नोएडा शाखा कार्यालय, पटना शाखा कार्यालय, प्रयागराज वि.शा.का., रांची शाखा कार्यालय, वाराणसी शाखा कार्यालय

नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय
बहादुरगढ़ शाखा कार्यालय, बल्लभगढ़ शाखा कार्यालय, भोपाल शाखा कार्यालय, देहरादून शाखा कार्यालय, फरीदाबाद शाखा कार्यालय, गुरुग्राम शाखा कार्यालय, हरिद्वार शाखा कार्यालय, कुंडली शाखा कार्यालय, नई दिल्ली शाखा कार्यालय, रुद्रपुर शाखा कार्यालय

पुणे क्षेत्रीय कार्यालय
औरंगाबाद शाखा कार्यालय, चिंचवड़ शाखा कार्यालय, इंदौर शाखा कार्यालय, कोल्हापुर शाखा कार्यालय, नागपुर शाखा कार्यालय, नासिक शाखा कार्यालय, पुणे शाखा कार्यालय, ठाणे शाखा कार्यालय, वसई शाखा कार्यालय

त्वरित ऋण सेवा केंद्र (ईएलएससी)
अहमदाबाद ईएलएससी, चेन्नै ईएलएससी, हैदराबाद ईएलएससी, मुंबई ईएलएससी, नई दिल्ली ईएलएससी, लखनऊ ईएलएससी

विशिष्ट आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी)
चेन्नै एसएआरबी, मुंबई एसएआरबी, नई दिल्ली एसएआरबी

आभार-ज्ञापन

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल्यवान सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनका धन्यवाद ज्ञापित करता है। साथ ही, विश्व बैंक समूह; जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका); डिपार्टमेंट फ़ॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफ़आइडी), यू.के.; क्रेडिटटांस्टाल्ट फर वीडराफबउ (केएफ़डब्ल्यू), जर्मनी; ड्यूश जेसेलशाफ्ट फ़र इंटरनेशनेल जुसमेनारबीट (जीआइजेड), जर्मनी; इंटरनेशनल फ़ंड फ़ॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (आईएफ़एडी), रोम; एजेंस फ्रैंकेज डि डेवलपमेंट (एएफ़डी), फ्रांस तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से प्राप्त संसाधन सहायता और तकनीकी सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता है। बैंकों, राज्य स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों तथा एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और विकास में लगे अन्य हितधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनकी भी सराहना करता है।

बैंक अपने सभी ग्राहकों और निवेशकों को भी, उनसे प्राप्त सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में उनसे अनवरत सहयोग की आकांक्षा करता है। वर्ष-पर्यंत, बैंक को उच्चतर विकास-पथ पर आगे बढ़ाने में प्रबल एवं अनवरत प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा और समर्पण भावना से जुटे रहने वाले सिडबी के प्रत्येक स्तर के स्टाफ़-सदस्यों की सेवाओं के लिए निदेशक-मंडल उनकी प्रशंसा करता है।

सिडबी

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

www.sidbi.in | @sidbiofficial SidbiOfficial SidbiOfficial

Concept & Design
WYATTPrism COMMUNICATIONS (info@wyatt.co.in)

वार्षिक प्रतिवेदन (भाग-II)
2020-21

सिडबी

लघु इकाइयों के सशक्तिकरण द्वारा

आत्मनिर्भर भारत का निर्माण




क्रम-सूची

परिशिष्ट-I.....पृष्ठ 01-44

परिशिष्ट-II.....पृष्ठ 45-91

परिशिष्ट-I

सिडबी के लाभ-हानि लेखा और नकदी प्रवाह विवरणी के साथ लेखापरीक्षित तुलन-पत्र

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

निदेशक मंडल

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

एकल वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

मंतव्य

हमने "भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक" ("बैंक") के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2021 तक एकल तुलन-पत्र, एकल लाभ और हानि लेखे, समाप्त वर्ष के लिए एकल नकदी प्रवाह का विवरण एवं एकल वित्तीय विवरणों पर की गई टिप्पणियाँ शामिल है, इसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश एवं अन्य व्याख्यात्मक जानकारी भी दी गयी है।

हमारे मत में साथ में दिए गए एकल वित्तीय विवरण 31 मार्च 2021 तक बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और समाप्त वर्ष के लिए उसके लाभ व नकदी प्रवाह, बैंक की वित्तीय स्थिति का सही और निष्पक्ष विवरण देते हैं एवं यह भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम 2000 के विनियमन 14 (1), और भारत में आमतौर पर मान्य लेखांकन सिद्धांतों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप है।

मंतव्य का आधार

हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न की है। इन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के अनुभाग में लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में वर्णित किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने आचार संहिता की अपेक्षाओं के अनुसार अपने नैतिक दायित्वों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं वे पर्याप्त है और एकल वित्तीय विवरण के बारे में हमारी धारणा के लिए उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

महत्वपूर्ण विषय

हम बैंक के परिचालन और आस्ति गुणवत्ता पर कोविड -19 वैश्विक महामारी के प्रभाव के बारे में एकल वित्तीय विवरणों के लिए अनुसूची XVI के नोट संख्या 29 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो भविष्य के विकास पर निर्भर करेगा, जो अत्यधिक अनिश्चित है।

इन मामलों के संबंध में हमारे मंतव्य में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

लेखापरीक्षा के प्रमुख विषय

लेखापरीक्षा के प्रमुख विषय वे विषय हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को एकल वित्तीय विवरणों की समग्र रूप से लेखापरीक्षा तथा उन पर हमारी राय कायम करने के परिप्रेक्ष्य में इन विषयों का समाधान प्रस्तुत किया गया और इन विषयों पर हम अलग से कोई राय नहीं देते। नीचे दिए गए प्रत्येक विषय के लिए, इस संदर्भ में हमारा विवरण दिया गया है कि हमारी लेखापरीक्षा ने मामले को कैसे संबोधित किया।.

लेखा परीक्षा के महत्वपूर्ण विषयों का विवरण

	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर प्रतिक्रिया
(i)	**अग्रिमों का वर्गीकरण, अनर्जक अग्रिमों की पहचान, आय की पहचान और अग्रिमों पर प्रावधान (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XV के नोट 6 के साथ पठित अनुसूची VIII)** अग्रिमों में बैंकों, वित्तीय संस्थानों, सूक्ष्म वित्त संस्थाओं और एनबीएफसी को पुनर्वित्त ऋण; और नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट, मांग पर चुकाने योग्य ऋण और सावधि ऋण सहित प्रत्यक्ष ऋण शामिल हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ('भा रि बैंक') ने बैंकों के अग्रिमों ('आईआरएसीपी मानदंड') के संबंध में 'आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान पर विवेकपूर्ण मानदंड' निर्धारित किए हैं, जिसमें कोविड-19 नियामक पैकेज -आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान के संबंध में जारी परिपत्र भी शामिल हैं।	अग्रिमों का वर्गीकरण, अनर्जक अग्रिमों की पहचान, आय निर्धारण और अग्रिमों पर प्रावधान के प्रति हमारा लेखापरीक्षा दृष्टिकोण/प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं: • अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधानीकरण के लिए बैंक की लेखा नीतियों को समझना और उन पर विचार करना और भारतीय रिज़र्व बैंक (आईआरएसीपी मानदंड) द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुपालन का आकलन करना, जिसमें कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न मौजूदा अनिश्चित आर्थिक वातावरण को देखते हुए अग्रिमों पर किए गए अतिरिक्त प्रावधान शामिल हैं।

लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर प्रतिक्रिया
अर्जक और अनर्जक अग्रिमों के पहचान के लिए उचित तंत्र की स्थापना हो और बैंक से अपेक्षित है कि विनियमों द्वारा निर्धारित मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों कारकों को लागू करते हुए प्रत्येक अनर्जक आस्ति ('एनपीए') के लिए आवश्यक प्रावधान की मात्रा की पहचान कर उसे निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण श्रेणी के निर्णय को लागू करे। महत्वपूर्ण निर्णय और एनपीए की पहचान के लिए प्राक्कलन और प्रावधान तथ्यात्मक रूप से मिथ्याकथन को जन्म दे सकते हैं: • आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार मानकों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की मान्यता की पूर्णता और समय; • ऋण जोखिम, कितने वर्ष से है और ऋण के वर्गीकरण, प्रतिभूति की वसूली योग्य मूल्य के आधार पर अनर्जक आस्तियों के प्रावधान का मापन; • अनर्जक आस्तियों पर अप्राप्त आय का उचित प्रत्यावर्तन इसके अलावा, हमारी लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा लगाए गए विभिन्न कोविड-19 वैश्विक महामारी प्रतिबंधों के कारण, बैंक के कुछ कार्यक्षेत्रों/कार्यालयों और शाखाओं के परिसरों में प्रत्यक्ष रूप से जाकर लेखापरीक्षा नहीं किया जा सका। तदनुसार, लेखापरीक्षा को दूरस्थ रूप से करने के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को संशोधित करने की आवश्यकता थी। अग्रिमों के वर्गीकरण के बाद से, एनपीए की पहचान और अग्रिमों पर प्रावधान का निर्माण (कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त प्रावधानों सहित) और अग्रिमों पर आय की पहचान के लिए: • बैंक द्वारा उचित नियंत्रण तंत्र और आकलन के महत्वपूर्ण स्तर की आवश्यकता है; • बैंक के समग्र वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है; • मूल रूप से योजना के अनुसार संबंधित शाखा कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत यात्राओं/आमने सामने बातचीत के माध्यम से पूरी तरह से कवर नहीं किया जा सकता है; हमने इस विषय को एक प्रमुख लेखापरीक्षा विषय के रूप में सुनिश्चित किया है।	• भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित आईआरएसीपी पर मौजूदा दिशानिर्देशों के आधार पर ह्रासित खातों की पहचान और प्रावधानीकरण के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रणों (एप्लिकेशन नियंत्रणों सहित) को समझना। • बैंक द्वारा अनर्जक आस्तियों की पहचान को शामिल करने वाली मूल लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं सहित अन्य प्रक्रियाएं संपन्न करना। इन प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल थे: क. एप्लिकेशन सिस्टम से उत्पन्न अपवाद रिपोर्ट के परीक्षण पर विचार किया जहां अग्रिमों को अभिलेखित किया जाता है। ख. दबाव की पहचान करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की बड़ी जमाराशियों पर सूचना के केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलसी) में बैंक द्वारा व अन्य बैंकों द्वारा रिपोर्ट किए गए खातों पर विशेष उल्लेख किये गए खातों ("एसएमए") के रूप में ध्यान में रखते हुए विचार। ग. मात्रात्मक और गुणात्मक जोखिम कारकों के आधार पर चयनित उधारकर्ताओं के खाते के विवरण और अन्य संबंधित जानकारी की समीक्षा करना। घ. ऋण और जोखिम समिति की बैठकों के कार्यवृत्त को पढ़ना और ऋण विभाग के साथ यह पता लगाने के लिए पूछताछ करना कि क्या दबाव के संकेतक थे या ऋण खाते या किसी उत्पाद में डिफ़ॉल्ट की घटना हुई थी। ङ. बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखापरीक्षा को ध्यान में रखते हुए विचार करना। च. भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में दबावग्रस्त अग्रिमों सहित अग्रिमों की नमूना आधार पर जांच। पहचान किए गए अनर्जक अग्रिमों के लिए, हमने दबावग्रस्त क्षेत्रों और खातों के महत्व सहित कारकों के आधार पर यथा आस्ति वर्गीकरण तिथियों का, अप्राप्त ब्याज का व्यूत्क्रमण, उपलब्ध प्रतिभूति का मूल्य और आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार प्रावधानीकरण का नमूना आधार पर परीक्षण किया। हमने प्रमुख आगत कारकों पर विचार करने के बाद अनर्जक आस्तियों के प्रावधान की पुनर्गणना की और उससे प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए हमारे मापन परिणाम की तुलना की। जहां कहीं भी कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रतिबंधों के कारण शाखाओं तक भौतिक पहुंच संभव नहीं थी, हमने डिजिटल माध्यम, ईमेल और बैंक के नेटवर्क पर सीबीएस और अन्य प्रासंगिक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर तक दूरस्थ पहुँच के माध्यम से बैंक द्वारा हमें उपलब्ध कराए गए स्कैन किए गए रिकॉर्ड/रिपोर्ट/दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के आधार पर नमूना अग्रिमों की समीक्षा को कवर करने के लिए अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को संशोधित किया। इस सीमा तक, हमें उपलब्ध कराए गए ऐसे दस्तावेजों, रिपोर्टों और अभिलेखों के आधार पर लेखापरीक्षा प्रक्रिया संपन्न की गई, जिन्हें वर्तमान अवधि की लेखापरीक्षा करने और रिपोर्टिंग करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य के रूप में विश्वास किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/फोन कॉल/ईमेल और इसी तरह के संचार शृंखलाओं का उपयोग करके संबंधित बैंक कर्मचारियों के साथ पूछताछ और चर्चा के माध्यम से और सबूत इकट्ठा करके, जहां प्रासंगिक हो, इन ऑडिट प्रक्रियाओं को पूरक बनाया गया।

	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर प्रतिक्रिया

(ii) **निवेशों का मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधानीकरण (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XV के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची VII)**

निवेशों को कोषागार परिचालनों और व्यवसाय परिचालनों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। निवेशों में बैंक द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों, बांड, डिबेंचर, शेयर, म्यूचुअल फंड, उद्यम पूंजी निधियों और अन्य स्वीकृत प्रतिभूतियाँ में निवेश शामिल हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक परिपत्र और निर्देश अन्य बातों के साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान, आय का अनिर्धारण और अनर्जक निवेशों के प्रति प्रावधानीकरण को समाहित करते हैं।

उपर्युक्त प्रतिभूतियों के प्रत्येक संवर्ग (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित विधि के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों जैसे एफबीआईएल / एफआईएमएमडीए दरों, बीएसई पर उद्धृत दरों से, एनएसई, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से आंकड़ें / सूचना का संग्रह भी शामिल है।

हमने लागू विनियामक दिशानिर्देशों और बैंक की नीतियों, एचटीएम बुक के आधार पर ह्रासित मूल्यांकन हेतु प्रबंधन का निर्णय, विनियामक ध्यान केन्द्रित करने का स्तर और बैंक के वित्तीय परिणामों के लिए समग्र महत्व के आधार पर कुछ निवेशों (बॉन्ड और डिबेंचर, वीसीएफ) के मूल्य को निर्धारित करने में शामिल प्रबंधन के निर्णय की वजह से निवेश के मूल्यांकन और अनर्जक निवेशों की पहचान को एक प्रमुख लेखापरीक्षा विषय के रूप में पहचान की है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारा लेखापरीक्षा दृष्टिकोण/ प्रक्रियाएं परिपत्रों/ निर्देशों में मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों (एनपीआई) की पहचान और संबंधित प्रावधानीकरण/ निवेश के मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रणों और मूल लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की समझ शामिल थी। विशेष रूप से -

- हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, एनपीआई पर आय का व्यूत्क्रमण और निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण/ मूल्यह्रास के संबंध में प्रासंगिक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और उसे समझा;
- हमने इन निवेशों के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए विभिन्न स्रोतों से सूचना एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का मूल्यांकन और निरूपण किया;
- चालू निवेश के चयनित नमूने लेकर हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए मूल्यांकन को फिर से निष्पादित करके भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के साथ सटीकता और अनुपालन का परीक्षण किया;
- हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों के अनुरूप रखे जाने वाले प्रावधान को स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने के लिए मूलभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं संपन्न कीं। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक निवेशों और भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार किए गए प्रावधान की पुनर्गणना की और अनर्जक निवेश के उन चयनित नमूने के लिए इन दिशानिर्देशों के अनुसार आय का उपचय किए जाने का परीक्षण किया है;

(iii) **वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए सूचना प्रौद्योगिकी ('आईटी') प्रणाली और नियंत्रण**

बैंक की प्रमुख वित्तीय लेखांकन व रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं सिस्टम में स्वचालित नियंत्रण सहित सूचना प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भर हैं, इतना जोखिम विद्यमान है कि आईटी नियंत्रण पर्यावरण में अंतरालों के परिणामस्वरूप वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग रिकॉर्ड भौतिक रूप से गलत हो सकते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के पर्यावरण की व्यापक प्रकृति और जटिलता के साथ-साथ सटीक और सामयिक वित्तीय रिपोर्टिंग में इसके महत्व के कारण, हमने इस क्षेत्र को एक प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में पहचान की है।

वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों और संबंधित नियंत्रणों की समीक्षा के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के एक भाग के रूप में:

- हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली और नियंत्रण के डिजाइन और संचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण किया।
- बैंक के पास उचित समायावधि में पहचाने गए एप्लिकेशन सिस्टम का एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर लेखापरीक्षण की व्यवस्था है। शाखाओं में सूचना प्रणाली (आईएस) की लेखापरीक्षा बैंक के अधिकारियों द्वारा उचित समायावधि में की जाती है।
- हमने बाह्य सलाहकारों द्वारा किए गए एप्लिकेशन सिस्टम ऑडिट और शाखाओं में किए गए सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा की समीक्षा की है और उन पर भरोसा किया है।

लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय	लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर प्रतिक्रिया

(iv) प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का आकलन (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XV का नोट 10 और नोट 12)

प्रत्यक्ष कर सहित कुछ मुकदमों के प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का आकलन, अन्य पार्टियों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची XI) और विभिन्न कर्मचारी लाभ योजनाओं (एकल वित्तीय विवरणों की अनुसूची V) की पहचान एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा क्षेत्र के रूप में की गई।

आवश्यक प्रावधान के स्तर का अनुमान करने के साथ-साथ कर-मामलों और अन्य कानूनी दावों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण में उच्च स्तर का निर्णय शामिल है। बैंक का मूल्यांकन, जहाँ भी आवश्यक हो, मामले के तथ्यों, उनका अपना निर्णय, विगत अनुभव, और कानूनी और स्वतंत्र कर-सलाहकारों की सलाह से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम, बैंक द्वारा सूचित लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

कर्मचारी लाभ विषयक देयताओं के मूल्यांकन की गणना कई बीमांकिक मान्यताओं और निविष्टि सहित डिस्काउंट दर, मुद्रास्फीति की दर और मृत्यु दर के संदर्भ में की जाती है। इस संबंध में वित्तपोषित आस्तियों का मूल्यांकन भी पूर्वानुमानों में बदलाव के प्रति संवेदनशील है।

हमने उन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है जिसमें कानून की व्याख्या, प्रत्येक मामले की परिस्थितियों और उनके पूर्वानुमानों में निर्णय के संप्रयोग की आवश्यकता होती है।

हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण /प्रक्रियाओं में यह शामिल था:

- मुकदमों/कर निर्धारणों की वर्तमान स्थिति को समझना;
- विभिन्न कर प्राधिकरणों/ न्यायिक मंचों से प्राप्त हालिया आदेशों और/या संचार की जांच करना और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना;
- बैंक के कर-सलाहकारों के मंतव्य सहित उसमें प्रस्तुत आधारों और उपलब्ध स्वतंत्र कानूनी /कर-सलाह के संदर्भ में विचाराधीन विषयवस्तु के गुणावगुणों की योग्यता का मूल्यांकन करना;
- बैंक के तर्कों का मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण, चर्चा के माध्यम से, विचाराधीन विषय के विवरण का संग्रह, संभावित परिणाम और उन मुद्दों पर परिणामी संभावित बहिर्गमन; तथा
- आंकड़ों की पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करना, योजनाओं की आस्तियों के उचित मूल्य का मापन, विशिष्ट योजनाओं और प्रचलित प्रथाओं के साथ कर्मचारी देनदारियों को महत्व देने के लिए प्रबंधन द्वारा उपयोग की जाने वाली धारणाओं को निर्धारित करने में किए गए निर्णयों को समझना।
- हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में प्रत्याशित आयु अनुमानों की प्रासंगिक मृत्यु तालिका, बेंचमार्किंग मुद्रास्फीति और बाहरी बाजार के आंकड़ों के मुकाबले छूट दरों की तुलना करके बीमांकिक द्वारा उपयोग की गई मान्यताओं का आकलन शामिल था।
- हमने योजना आस्तियों के मूल्य का सत्यापन, योजना आस्तियों का प्रबंधन करने वाली आस्ति प्रबंधन कंपनियों द्वारा दिए गए विवरणों से किया है।

एकल वित्तीय विवरणों और उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

अन्य सूचनाओं के लिए बैंक का प्रबंधन जिम्मेदार है। अन्य सूचना में वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें एकल वित्तीय विवरण और हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद बैंक की वार्षिक रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

एकल वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करेंगे।

एकल वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अन्य जानकारी के उपलब्ध होने पर उसे पढ़ें और ऐसा करने में, इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी एकल वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी के साथ असंगत है या नहीं। अन्यथा तथ्यात्मक रूप से गलत बताया गया प्रतीत होता है। जब हम बैंक की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हैं, यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इस अन्य जानकारी में कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण है, तो हमसे अपेक्षा है कि हम इस मामले को अभिशासन के प्रभारी तक पहुंचाएं।

एकल वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधन और अभिशासन के प्रभारी का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में जिम्मेदार है जो भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम, 2000 के अनुसार बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह का सही और उचित दृश्य देते हैं और लेखांकन सिद्धांत भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाते हैं जिनमें आईसीएआई द्वारा जारी किए गए लेखा मानक, और भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्र और दिशानिर्देश शामिल हैं।

इस जिम्मेदारी में बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का रखरखाव भी शामिल है; उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; ऐसे निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हों; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, एकल वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक जो सही और निष्पक्ष दृश्य देते हैं और सामग्री से मुक्त हैं गलत कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

एकल वित्तीय विवरण तैयार करने में प्रबंधन लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता के आकलन, यथास्थिति लाभप्रद प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों के प्रकटन तथा जब तक प्रबंधन बैंक के समापन अथवा उसके परिचालन को बंद करने का इरादा नहीं रखता अथवा ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई वास्तविक विकल्प नहीं होता, तब तक लाभप्रद प्रतिष्ठान का आधार प्रयोग करते रहने के लिए उत्तरदायी हैं।

बैंक का प्रबन्धन बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी है।

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य समग्र रूप से एकल वित्तीय विवरण के कपट से अथवा त्रुटिवश होने वाले तथ्यात्मक मिथ्या-कथन से रहित होने का आश्वासन प्राप्त करना, और एक ऐसी लेखापरीक्षक रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल हो। समुचित आश्वासन एक उच्च-स्तरीय आश्वासन होता है, किन्तु वह ऐसी गारंटी नहीं है कि लेखापरीक्षा-मानक के अनुरूप की गयी लेखापरीक्षा में सदा ही किसी तथ्यात्मक मिथ्या कथन की मौजूदगी का पता चल जाएगा। मिथ्याकथन कपट अथवा त्रुटिवश हो सकते हैं और उन्हें एकल रूप से अथवा सम्मिलित रूप में तब तथ्यात्मक माना जाता है जब इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों के उन मिथ्याकथनों से पर्याप्त रूप में प्रभावित होने की संभावना हो।

लेखापरीक्षा-मानक के अनुरूप लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में हम समूची लेखापरीक्षा-प्रक्रिया के दौरान पेशेवराना विवेक का उपयोग करते हैं और पेशेवराना सावधानी बनाए रखते हैं। साथ ही, हम:

- कपटपूर्वक अथवा त्रुटिवश वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक मिथ्याकथन के जोखिम की पहचान व आकलन करते हैं, उक्त जोखिमों के अनुरूप लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ तैयार करके उन्हें संपन्न करते हैं और लेखापरीक्षा का ऐसा प्रमाण प्राप्त करते हैं जो हमारे मंतव्य का आधार बनने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त हो। किसी कपट के फलस्वरूप तथ्यात्मक मिथ्याकथन के पता न चलने का जोखिम त्रुटिवश हुए मिथ्याकथन के जोखिम की तुलना में बड़ा होता है, क्योंकि कपट में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल-चूक, मिथ्या प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रण की अनदेखी का हाथ हो सकता है।

- आंतरिक नियंत्रण की जानकारी हासिल करते हैं, जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो, ताकि लेखापरीक्षा की ऐसी प्रक्रिया तैयार की जा सके जो उक्त परिस्थिति के लिए उपयुक्त हो किन्तु प्रभावशीलता पर राय व्यक्त करने के उद्देश्य से न हो।

- उपयोग की गयी लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और लेखांकन प्राक्कलनों तथा प्रबंधन द्वारा एकल वित्तीय विवरणियों में किए गए तत्संबंधी प्रकटनों का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधन द्वारा लेखांकन के लिए लाभप्रद प्रतिष्ठान-आधार के उपयोग की उपयुक्तता के संबंध में और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा-प्रमाण के आधार पर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि क्या घटनाओं अथवा स्थितियों से संबंधित कोई ऐसी तथ्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है जिसके फलस्वरूप लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की समूह की क्षमता पर कोई उल्लेखनीय संदेह उत्पन्न होता हो। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कोई तथ्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है तो हमसे यह अपेक्षित होता है कि अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में हम एकल वित्तीय विवरणों में तत्संबंधी प्रकटनों अथवा यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हों तो अपने मंतव्य में संशोधन की ओर ध्यान आकर्षित करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गये लेखापरीक्षा-प्रमाणों पर आधारित हैं। किन्तु, भविष्य की घटनाओं अथवा स्थितियों के कारण लाभप्रद प्रतिष्ठान के रूप में समूह का जारी रहना बन्द हो सकता है।

- वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण, संरचना और विषयवस्तु का मूल्यांकन करते हैं। इसमें प्रकटन और यह देखना भी शामिल है कि वित्तीय विवरण अंतर्निहित व घटनाओं को इस रूप में दर्शाए, जिससे उचित प्रस्तुतीकरण का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

हम अभिशासन-प्रभारियों के साथ अन्य विषयों के अलावा लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय तथा लेखापरीक्षा के महत्त्वपूर्ण निष्कर्षों व आंतरिक नियंत्रण की ऐसी उल्लेखनीय कमियों के बारे में बातचीत करते हैं जिन्हें हमने अपनी लेखापरीक्षा के दौरान चिह्नित किया हो।

अभिशासन-प्रभारियों को हम वह विवरण भी प्रदान करते हैं जिसे हमने निष्पक्षता के संबंध में संगत नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया है। साथ ही, हम उन्हें अपने उन संबंधों व अन्य विषयों की सूचना भी देते हैं जिससे हमारी निष्पक्षता और जहाँ लागू हो, वहाँ तत्संबंधी सुरक्षा-उपायों पर समुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो।

अभिशासन के प्रभारी लोगों के साथ संप्रेषित मामलों में, हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वो प्रमुख लेखापरीक्षा विषय हैं। हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में तब तक उन विषयों को नहीं उठाते जब तक कि कानून या विनियमन, मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबाधित नहीं करता या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी विषय को संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों की उचित रूप से अपेक्षा की जाएगी इस तरह के संचार सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक है।

अन्य विषय

(i) इन एकल वित्तीय परिणामों में प्रधान कार्यालय सहित हमारे द्वारा दौरा किए गए / लेखापरीक्षित 32 शाखाओं के प्रासंगिक विवरणियां शामिल हैं, जिसमें 31 मार्च 2021 को अग्रिमों

का 95.52%, जमाओं का 99.52% और उधार का 100% शामिल हैं और 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए अग्रिमों पर ब्याज आय का 95.14% तथा जमा पर ब्याज व्यय का 99.34% और उधार पर ब्याज व्यय का 98.62% भी शामिल है । इन शाखाओं का चयन बैंक के प्रबंधन के परामर्श से किया गया है। हमारे लेखापरीक्षा के दौरान, हमने बैंक की शेष शाखाओं से प्राप्त विभिन्न सूचनाओं और विवरणियों पर भरोसा किया है जो हमारे द्वारा नहीं देखी गई हैं और प्रधान कार्यालय में केंद्रीकृत डेटाबेस के माध्यम से उत्पन्न हुई हैं।

(ii) 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के एकल वित्तीय विवरणों की पूर्ववर्ती लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षा की गई थी, जिनकी 15 मई, 2020 की रिपोर्ट में उन एकल वित्तीय विवरणों पर एक असंशोधित राय व्यक्त की गई थी।

हमारी राय में उपरोक्त मामलों के संबंध में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अन्य विधिक तथा विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट

एकल तुलन-पत्र, एकल लाभ-हानि लेखा, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सामान्य विनियम 2000 के विनियम 14(i) में उल्लिखित अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

हम सूचित करते हैं कि:

क. हमने वह समस्त सूचना व स्पष्टीकरण माँगे और प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार उपर्युक्त वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है।

ख. हमारी राय में, जहां तक खाता-बहियों की जाँच से हमारे देखने में आया है, बैंक ने विधित: उपयुक्त खाता बहियाँ तैयार की है।

ग. बैंक की शाखाओं और कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के लिए पर्याप्त थीं।

घ. हमारी राय में, बैंक द्वारा विधि द्वारा अपेक्षित उचित लेखा बहियाँ रखी गई हैं, जहां तक कि उन बहियों की हमारी जांच से ऐसा प्रतीत होता है और हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त उचित विवरणियां उन शाखाओं से प्राप्त हुई हैं जिनका हमने दौरा नहीं किया है।;

ङ. इस रिपोर्ट के लिए प्रयुक्त एकल तुलन पत्र,एकल लाभ-हानि लेखा,एकल नकद प्रवाह विवरण खाता बहियों के अनुरूप है।

च. हमारी राय में, इस रिपोर्ट से संबंधित उपर्युक्त वित्तीय विवरणियों में लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है।

कृते बोरकर एवं मजूमदार
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या- 101569W

दर्शित दोषी
साझेदार
सदस्यता संख्या- 133755
यूडीआईएन: 21133755AAAABW9847

स्थान: मुंबई
तिथि: 25 मई, 2021

तुलन-पत्र

यथा 31 मार्च, 2021

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
पूंजी और देयताएँ	**अनुसूचियाँ**		
पूंजी	I	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
आरक्षितियाँ, आधिक्य और निधियाँ	II	2,07,56,28,92,633	1,84,65,53,87,321
जमा	III	12,44,12,11,71,085	10,59,71,64,39,231
उधार	IV	3,90,90,19,08,226	5,57,03,38,37,542
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	V	75,31,92,47,651	68,64,97,19,422
आस्थगित कर देयता		-	1,52,32,715
योग		**19,23,22,44,39,905**	**18,75,38,98,36,541**
आस्तियां			
नकद एवं बैंक शेष	VI	1,38,07,95,68,421	64,83,38,91,127
निवेश	VII	1,91,53,46,78,481	1,11,17,85,33,236
ऋण एवं अग्रिम	VIII	15,62,32,79,99,814	16,54,21,56,14,553
अचल आस्तियां	IX	2,77,32,26,435	2,86,71,15,169
अन्य आस्तियां	X	28,50,89,66,754	42,29,46,82,456
योग		**19,23,22,44,39,905**	**18,75,38,98,36,541**
आकस्मिक देयताएँ	XI	59,50,61,36,098	76,13,98,91,761
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	XV		
लेखांकन विषयक टिप्पणियाँ	XVI		

उपरोल्लिखित अनुसूचियाँ तुलन-पत्र का अविभाज्य अंग हैं

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

निदेशक मण्डल के आदेश से

कृते **बोरकर एंड मजूमदार**
सनदी लेखाकर
फर्म पंजीकरण संख्या- 101569W

राजेन्द्र अग्रवाल
मुख्य वित्तीय अधिकारी

सुदत्त मण्डल
उप प्रबंध निदेशक

वी सत्य वेंकट राव
उप प्रबंध निदेशक

सिवसुब्रमणियन रमण
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दर्शित दोषी
साझेदार
सदस्यता संख्या- 133755

जी. गोपालकृष्ण
निदेशक

आशीष गुप्ता
निदेशक

स्थान - बेंगलुरु
दिनांक: 25 मई, 2021

लाभ एवं हानि लेखा

यथा मार्च 31, 2021 को

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
आय	**अनुसूचियाँ**		
ब्याज एवं छूट	XII	1,02,21,35,67,271	1,10,20,93,69,739
अन्य आय	XIII	9,44,26,93,251	10,69,36,41,116
योग		**1,11,65,62,60,522**	**1,20,90,30,10,855**
व्यय			
ब्याज एवं वित्तीय प्रभार		65,42,87,64,888	77,22,05,87,193
परिचालन व्यय	XIV	5,60,00,42,556	6,07,45,88,592
प्रावधान एवं आकस्मिक		9,15,23,84,536	9,52,98,06,119
योग		**80,18,11,91,980**	**92,82,49,81,904**
कर पूर्व लाभ		**31,47,50,68,542**	**28,07,80,28,951**
आयकर के लिए प्रावधान		7,68,66,09,000	5,17,47,06,878
आस्थगित कर समायोजन (आस्ति /देयता)		(19,43,10,130)	(24,18,96,000)
कर पश्चात लाभ		**23,98,27,69,672**	**23,14,52,18,073**
लाभ अग्रानीत		96,17,75,070	49,99,16,015
कुल लाभ / (हानि)		**24,94,45,44,742**	**23,64,51,34,088**
विनियोजन			
सामान्य आरक्षितियों में अंतरण		22,50,00,00,000	22,10,00,00,000
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षिति में अंतरण		80,00,00,000	55,00,00,000
अन्य			
निवेश उतार चढ़ाव आरक्षिति में अंतरण		-	33,59,018
स्टाफ कल्याण निधि में अंतरण		4,10,00,000	3,00,00,000
शेयरों पर लाभांश		1,06,38,44,062	-
लाभांश पर कर		-	-
अग्रानीत लाभ और हानि खाते में अधिशेष		53,97,00,680	96,17,75,070
योग		**24,94,45,44,742**	**23,64,51,34,088**
मूल /विलयित प्रति शेयर अर्जन		45.09	43.51
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	XV		
लेखा टिप्पणियाँ	XVI		
उक्त अनुसूचियाँ लाभ और हानि लेखे का अभिन्न अंग है।			

सम दिनांक की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

निदेशक मण्डल के आदेश से

कृते **बोरकर एंड मजूमदार**	**राजेन्द्र अग्रवाल**	**सुदत्त मण्डल**	**वी सत्य वेंकट राव**	**सिवसुब्रमणियन रमण**
सनदी लेखाकर	मुख्य वित्तीय अधिकारी	उप प्रबंध निदेशक	उप प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
फर्म पंजीकरण संख्या- 101569W				

दर्शित दोषी	**जी. गोपालकृष्ण**	**आशीष गुप्ता**
साझेदार	निदेशक	निदेशक
सदस्यता संख्या- 133755		

स्थान - बेंगलुरु
दिनांक: 25 मई, 2021

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

पूंजी और देयताएँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची I: पूंजी	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
(क) प्राधिकृत पूंजी	10,00,00,00,000	10,00,00,00,000
- ईक्विटी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 75,00,00,000 ईक्विटी शेयर)	7,50,00,00,000	7,50,00,00,000
- अधिमानी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 25,00,00,000 अधिमानी शेयर)	2,50,00,00,000	2,50,00,00,000
(ख) जारी की गई, अभिदत्त और चुकता पूंजी	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
- ईक्विटी शेयर पूंजी (10 रुपये प्रति शेयर की दर से 53,19,22,031 ईक्विटी शेयर)	5,31,92,20,310	5,31,92,20,310
- अधिमानी शेयर पूंजी	-	-
योग	**5,31,92,20,310**	**5,31,92,20,310**

(राशि ₹ में)

अनुसूची II: आरक्षितियां, अधिशेष और निधियां	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क) आरक्षित निधि		
i) सामान्य आरक्षित निधि		
- आरंभिक शेष	1,46,73,51,37,200	1,24,63,51,37,200
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	22,50,00,00,000	22,10,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**1,69,23,51,37,200**	**1,46,73,51,37,200**
ii) शेयर प्रीमियम		
- आरंभिक शेष	16,68,07,79,690	16,68,07,79,690
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	-	-
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**16,68,07,79,690**	**16,68,07,79,690**
iii) विशिष्ट आरक्षित निधियाँ		
क) निवेश हेतु आरक्षित निधि		
- आरंभिक शेष	-	-
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	-	-
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	-	**-**
ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अनुसार निर्मित एवं सुरक्षित विशेष आरक्षितियां		
- आरंभिक शेष	16,22,00,00,000	15,67,00,00,000
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	80,00,00,000	55,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**17,02,00,00,000**	**16,22,00,00,000**
ग) अन्य आरक्षितियाँ		
i) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षिति		
- आरंभिक शेष	1,14,93,45,044	1,14,59,86,026
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	-	33,59,018
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**1,14,93,45,044**	**1,14,93,45,044**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची II: आरक्षितियां, अधिशेष और निधियां	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
ख) लाभ-हानि खाते में अधिशेष	**53,97,00,680**	**96,17,75,070**
ग) निधियाँ		
क) राष्ट्रीय ईक्विटी निधि		
- आरंभिक शेष	2,65,61,42,832	2,65,23,89,862
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	-	37,52,970
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	-	-
- अंतिम शेष	**2,65,61,42,832**	**2,65,61,42,832**
ख) स्टाफ कल्याण निधि		
- आरंभिक शेष	25,22,07,485	24,74,30,617
- वर्ष के दौरान जोड़ी गई	4,10,00,000	3,00,00,000
- वर्ष के दौरान उपयोजित राशि	1,14,20,298	2,52,23,132
- अंतिम शेष	**28,17,87,187**	**25,22,07,485**
ग) अन्य	-	-
योग	**2,07,56,28,92,633**	**1,84,65,53,87,321**

(राशि ₹ में)

अनुसूची III: जमा	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क) सावधि जमाराशियाँ	50,04,64,96,085	31,77,53,39,231
ख) बैंको से		
क) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पुनर्वित्त निधि के अंतर्गत	11,26,05,11,50,000	9,39,05,30,50,000
ख) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम जोखिम पूंजी निधि के अंतर्गत	10,00,00,00,000	10,00,00,00,000
ग) अन्य-विदेशी और निजी क्षेत्र के बैंकों से	-	-
घ) एमएसएमई भारत नवाकांक्षा निधि के अंतर्गत	8,02,35,25,000	7,02,35,25,000
ञ) एमएसएमई क्षेत्र की उद्यम पूंजी निधि 2014-15 के अंतर्गत	50,00,00,00,000	71,86,45,25,000
(ख) उप-योग	**11,94,07,46,75,000**	**10,27,94,11,00,000**
योग	**12,44,12,11,71,085**	**10,59,71,64,39,231**

(राशि ₹ में)

अनुसूची IV: उधारियां	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
I) भारत में उधारियां		
1. भारतीय रिजर्व बैंक से	-	-
2. भारत सरकार से	20,40,09,88,429	21,07,48,45,249
(भारत सरकार द्वारा अभिदत्त बॉण्ड सहित)		
3. बॉण्ड एवं डिबेंचर	1,70,87,50,00,000	1,75,62,50,00,000
4. अन्य स्रोतों से		
- वाणिज्यिक पत्र	38,75,00,00,000	49,50,00,00,000
- जमाराशियों के प्रमाणपत्र	42,85,00,00,000	1,98,90,00,00,000
- बैंकों से लिए गए सावधि ऋण	48,14,20,83,006	14,36,35,43,399
- सावधि ऋण उधारियाँ	-	-
- अन्य'	4,99,94,82,245	4,74,98,02,338
उप-योग (I)	**3,26,01,75,53,680**	**4,64,21,31,90,986**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची IV: उधारियां	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
II) भारत से बाहर उधारियां		
(क) केएफडब्ल्यू, जर्मनी	7,92,50,08,344	11,60,28,09,154
(ख) जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जाइका)	20,87,89,58,963	34,07,23,44,393
(ग) आईएफएड़ी, रोम	1,10,10,79,766	1,15,34,15,466
(घ) विश्व बैंक	33,21,79,18,293	43,46,01,15,739
(ञ) अन्य	1,76,13,89,180	2,53,19,61,804
उप-योग (II)	**64,88,43,54,546**	**92,82,06,46,556**
योग (I &II)	**3,90,90,19,08,226**	**5,57,03,38,37,542**

(राशि ₹ में)

अनुसूची V: अन्य देयताएं व प्रावधान	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
उपचित ब्याज	20,83,21,62,892	27,16,74,34,630
सिडबी कर्मचारी भविष्य निधि के लिए प्रावधान	3,26,55,18,260	3,09,97,41,738
सिडबी पेंशन निधि के लिए प्रावधान	13,50,36,000	62,60,20,000
सिडबी कर्मचारी के अन्य हितलाभ के लिए प्रावधान	2,48,86,71,702	1,93,65,85,000
विदेशी मुद्रा दर उतार-चढ़ाव हेतु प्रावधान	1,53,73,62,766	1,53,73,62,766
मानक आस्तियों के लिए किए गए आकस्मिक प्रावधान	11,06,49,47,151	6,55,00,89,506
प्रस्तावित लाभांश (लाभांश पर कर सहित)	1,06,38,44,062	-
निधियाँ यथा आंकाक्षा निधि, स्टार्ट अप के लिए निधियों की निधि, पीआरएफ पीआरएसएफ आदि	12,33,11,61,527	8,49,58,08,897
अस्थिर प्रावधान	10,99,96,00,000	10,99,96,00,000
अन्य (प्रावधान सहित)	11,60,09,43,291	8,23,70,76,885
योग	**75,31,92,47,651**	**68,64,97,19,422**

आस्तियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची VI: नकदी एवं बैंक अधिशेष	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1. हाथ में नकदी और भारतीय रिजर्व बैंक में अतिशेष	6,54,935	6,16,569
2. अन्य बैंकों में अतिशेष		
(क) भारत में		
i) चालू खातों में	92,06,46,927	31,01,91,553
ii) अन्य निक्षेप खातों में	1,34,15,99,19,330	60,47,58,45,836
(ख) भारत से बाहर		
i) चालू खातों में	1,90,00,930	5,19,09,337
ii) अन्य निक्षेप खातों में	2,97,93,46,299	3,99,53,27,832
योग	**1,38,07,95,68,421**	**64,83,38,91,127**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची VII: निवेश [प्रावधानों को घटाकर]	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क) राजकोषीय परिचालन		
1. केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियाँ	36,25,12,72,542	4,91,62,54,874
3. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	5,24,16,82,049	7,39,95,25,696
3. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	1,98,08,42,613	1,99,92,72,771
4. म्यूचल फंड	37,50,81,24,592	34,10,00,00,001
5. वाणिज्यिक पत्र	65,68,39,65,908	5,99,41,36,088
6. जमा प्रमाणपत्र	13,97,08,63,310	25,67,58,49,839
7. अन्य	-	-
उप- योग (क)	**1,60,63,67,51,014**	**80,08,50,39,269**
ख) व्यवसाय परिचालन		
1. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के शेयर	1,84,97,71,142	1,82,22,71,142
2. बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	-	-
3. औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्टॉक, शेयर, बॉण्ड्स और डिबेंचर्स	4,46,46,49,681	4,63,89,03,959
4. सहायक संस्थाओं में निवेश	17,51,04,98,740	17,51,04,98,740
5. उदयम पूंजी निधि में निवेश - आरसीएफ	6,42,18,48,997	6,45,75,11,219
6. अन्य	65,11,58,907	66,43,08,907
उप-योग (ख)	**30,89,79,27,467**	**31,09,34,93,967**
योग (क+ख)	**1,91,53,46,78,481**	**1,11,17,85,33,236**

(राशि ₹ में)

अनुसूची VIII: ऋण एवं अग्रिम [प्रावधान के बाद]	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क) निम्नलिखित को पुनर्वित्त		
- बैंक एवं वित्तीय संस्थाएँ	13,16,64,02,14,298	14,32,32,64,04,547
- अल्प वित्त संस्थाएं	16,72,32,44,874	18,21,00,01,621
- एन बी एफ सी	1,12,92,14,25,624	1,03,74,97,12,032
- पुनर्भुनाए गए बिल	-	-
उप- योग (क)	**14,46,28,48,84,796**	**15,54,28,61,18,200**
ख) प्रत्यक्ष ऋण		
- ऋण एवं अग्रिम	1,15,81,08,75,592	98,66,91,14,927
- प्राप्य वित्त योजना	23,22,39,426	1,26,03,81,426
- भुनाए गए बिल	-	-
उप-योग (ख)	**1,16,04,31,15,018**	**99,92,94,96,353**
योग (क+ख)	**15,62,32,79,99,814**	**16,54,21,56,14,553**

(राशि ₹ में)

अनुसूचीIX: अचल आस्तियां [मूल्यह्रास के बाद निवल]	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1. परिसर	2,75,92,83,828	2,83,87,18,310
2. अन्य	1,39,42,607	2,83,96,859
योग	**2,77,32,26,435**	**2,86,71,15,169**

तुलन-पत्र की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची X: अन्य आस्तियां:	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
उपचित ब्याज	17,39,56,29,640	20,69,30,66,262
अग्रिम कर (प्रवाधान के बाद)	78,02,94,395	3,88,74,70,623
स्टाफ ऋण	1,69,52,27,467	1,58,42,29,160
व्युत्पन्न आस्तियां	5,83,74,04,868	9,06,83,52,248
व्यय जिस सीमा तक बट्टे खाते में नहीं डाला गया है	1,94,24,53,524	5,52,43,75,071
अन्य	85,79,56,860	1,53,71,89,092
योग	**28,50,89,66,754**	**42,29,46,82,456**

(राशि ₹ में)

अनुसूची XI: आकस्मिक देयताएं	March 31, 2021	March 31, 2020
i) बैंक पर वे दावे, जिन्हें ऋण नहीं माना गया है	5,06,41,82,735	5,74,27,63,852
ii) गारंटियों / साख-पत्रों के फलस्वरूप	20,23,30,137	46,99,22,915
iii) वायदा संविदाओं के फलस्वरूप	21,81,77,727	5,79,87,607
iv) हामीदारी प्रतिबद्धताओं के फलस्वरूप	-	-
v) आंशिक रूप से चुकता शेयरों, डिबेंचरों पर न मांगी गई राशियों, वीसीएफ के तहत आहरित नहीं की गई प्रतिबद्धता इत्यादि के फलस्वरूप	17,46,36,734	5,19,13,80,042
vi) व्युत्पन्नी संविदाओं के लिए	53,84,68,08,765	64,67,78,37,345
vii) अन्य मदें, जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता है (व्युत्पन्नी संविदाएँ इत्यादि)	-	-
योग	**59,50,61,36,098**	**76,13,98,91,761**

लाभहानि लेखे की अनुसूचियाँ

(राशि ₹ में)

अनुसूची XII: ब्याज एवं बट्टा	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1. ऋणों अग्रिमों और बिलों पर ब्याज और बट्टा	90,55,19,84,990	1,03,92,13,18,393
2. निवेशों / बैंक अधिशेषों पर आय	11,66,15,82,281	6,28,80,51,346
योग	**1,02,21,35,67,271**	**1,10,20,93,69,739**

(राशि ₹ में)

अनुसूची XIII: अन्य आय	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1. अग्रिम देय एवं संसाधन शुल्क	35,38,16,367	47,71,19,491
2. कमीशन एवं दलाली	83,89,829	1,25,57,895
3. निवेशों की बिक्री पर लाभ	1,25,88,60,175	3,98,46,25,620
4. सहयोगी / सहायक संस्थाओं से लाभांश आदि के माध्यम से अर्जित आय	25,39,38,889	4,97,93,519
5. पिछले वर्षों के पुनरांकन का प्रावधान	-	-
6. अशोध्य ऋणों से की गई वसूलियाँ	1,42,52,18,289	1,02,21,91,305
7. प्रावधानों का व्युत्क्रमण/एफ़सीएल के अंतर्गत ईआरएफ़एफ़	5,17,85,60,369	3,71,15,35,404
8. अन्य	96,39,09,333	1,43,58,17,882
योग	**9,44,26,93,251**	**10,69,36,41,116**

(Amount in ₹)

अनुसूची XIV: परिचालन व्यय	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
कर्मचारियों के लिए किये गए भुगतान और प्रावधान	3,87,77,13,208	3,93,57,01,040
किराया, कर और बिजली	14,97,56,156	16,53,46,313
मुद्रण एवं स्टेशनरी, डाक/ कोरियर एवं टेली एवं बीमा	1,23,90,186	1,76,97,415
विज्ञापन और प्रचार	2,84,12,385	9,89,69,313
बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास / ऋण-परिशोधन	24,03,93,728	18,27,17,393
निदेशक शुल्क, परिलब्धियाँ एवं व्यय	36,23,666	42,99,620
लेखा परीक्षक शुल्क	28,66,387	29,24,757
विधि प्रभार	1,41,97,202	1,52,91,720
मरम्मत और रखरखाव	11,20,92,010	17,21,34,109
निर्गम व्यय	42,82,499	12,45,45,493
पूंजी प्रतिबद्धता, प्रबंध शुल्क आदि	1,49,78,690	7,70,27,713
अनुपलब्ध निविष्टि कर	9,30,45,281	12,40,21,740
अन्य व्यय	1,04,62,91,158	1,15,39,11,966
योग	**5,60,00,42,556**	**6,07,45,88,592**

अनुसूची XV महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयार करने के आधार

वित्तीय विवरण सभी महत्त्वपूर्ण दृष्टियों से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 तथा उसके विनियमों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदण्डों, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा लागू जारी लेखा मानकों और बैंकिंग उद्योग में प्रचलित पद्धतियों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं। जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत पद्धति के अंतर्गत उपचय आधार पर तैयार किए गए हैं। जब तक कि अन्यथा उल्लिखित न हो, बैंक द्वारा लागू की गई लेखा-नीतियाँ पिछले वर्ष प्रयोग की गई नीतियों के अनुरूप हैं।

आकलनों का उपयोग:

आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धान्तों की अनुरूपता में वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन से अपेक्षित होता है कि वह ऐसे आकलन और अनुमान करें, जो वित्तीय विवरण की तारीख में आस्तियों और देयताओं की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्ट की अवधि में रिपोर्ट की गई आय और व्यय की राशियों को प्रभावित करते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये अनुमान और मान्यताएँ उचित और विवेकपूर्ण हैं। हालांकि वास्तविक परिणाम उक्त अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में किसी संशोधन का निर्धारण संबंधित लेखा-मानक की अपेक्षाओं के अनुरूप वर्तमान और भविष्य की अवधि में भावी रूप से किया जाता है।

2. राजस्व निर्धारण:

बैंक को जो भी संभावित आर्थिक लाभ से राजस्व मिलेगा उसका निर्धारण किया गया है और राजस्व को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

क) आय:

i. दण्डात्मक ब्याज सहित ब्याज आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है, सिवाय अनर्जक आस्तियों के मामलों के जहाँ उसे वसूली के बाद हिसाब में लिया गया है।

ii. लाभ और हानि लेखा में आय, सकल रूप में अर्थात् भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों तथा बैंक की आंतरिक नीति के अनुसार दर्शायी गई है।

iii. बिलों की भुनाई/ पुनर्भुनाई तथा लिखतों की भुनाई को लिखतों की मीयाद के अनुसार निरंतर प्रतिलाभ आधार पर निर्धारित किया गया है।

iv. मानक (अर्जक) आस्तियों के संबंध में वचनबद्धता प्रभार, बीज पूँजी/सुलभ ऋण सहायता पर सेवा-प्रभार और रॉयल्टी आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है।

v. औद्योगिक प्रतिष्ठानों और वित्तीय संस्थाओं में धारित शेयरों पर जब लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होता है तो लाभांश को वसूली के पश्चात् आय माना गया है।

vi. उद्यम पूँजी निधियों से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया गया है। उद्यम पूंजी निधि में यूनिट/ शेयरों के मोचन को एच टी एम श्रेणी में बिक्री के रूप में नहीं माना जाता।

vii. अनर्जक आस्तियों की वसूली को निम्नलिखित क्रम से विनियोजित किया गया है:

(क) अनर्जक आस्ति बनने की तारीख तक अतिदेय ब्याज,

(ख) मूलधन,

(ग) लागत व प्रभार,

(घ) ब्याज एवं

(ङ) दंडात्मक ब्याज

viii. ऋणों एवं अग्रिमों की बिक्री पर प्रत्यक्ष समनुदेशन से हुए लाभ/हानि को भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुसार हिसाब में लिया गया है।

ix. पहले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के संदर्भ में प्राप्त राशियों को लाभ हानि लेखे में आय के रूप में लिया गया है।

x. किसी भी श्रेणी के निवेशों की बिक्री से लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखा में ले जाया गया है। तथापि 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर लाभ के मामले में, लागू करों के समतुल्य राशि को पूँजी आरक्षित खाते में विनियोजित कर दिया गया है।

xi. सात साल से अधिक की अवधि के लिए दावा न किए गए देनदारियों (सांविधिक देनदारियों के अलावा) के रूप में पड़ी राशि को आय के रूप में लिया गया है।

xii. बैंक द्वारा आयकर विभाग से जारी किए गए ऐसे रिफंड आदेश / आदेश देने वाले प्रभावों की प्राप्ति पर आयकर रिफंड पर ब्याज को हिसाब में लिया गया है।

xiii. उधारकर्ताओं से सीजीटीएमएसई शुल्क, मूल्यांकन शुल्क, अधिवक्ता शुल्क, बीमा इत्यादि की वसूली नकद आधार पर की जाती है।

xiv. एलसी/बीजी पर कमीशन को अवधि के दौरान उपचय आधार पर आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया गया है।

ख) व्यय:

i. विकास व्यय को छोड़कर शेष सभी व्यय उपचय आधार पर हिसाब में लिए गए हैं। विकास व्यय को नकद आधार पर हिसाब में लिया गया है।

ii. जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों पर बट्टे को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है। बॉण्ड जारी करने संबंधी व्ययों को बॉण्डों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है।

3. निवेश:

i. भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, संपूर्ण निवेश संविभाग को 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री हेतु उपलब्ध' तथा 'व्यापार हेतु धारित' की श्रेणियों में संवर्गीकरण कर दिया गया है। निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। प्रत्येक श्रेणी के निवेशों को पुनः निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया गया है:

क) सरकारी प्रतिभूतियाँ,

ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ,

ग) शेयर,

घ) डिबेंचर तथा बॉण्ड

ङ) सहायक संस्थाएँ/संयुक्त उपक्रम और

च) अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्युचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति पावतियां,जमा प्रमाणपत्र आदि)

क) परिपक्वता तक धारित:

परिपक्वता तक बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है। ऐसे निवेशों को अर्जन लागत पर दर्शाया गया है, बशर्ते वह अंकित मूल्य से अधिक न हो। ऐसा होने पर प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित कर दिया गया है।

इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक कंपनियों में निवेशों के मूल्य में कमी (अस्थायी को छोड़कर) प्रत्येक निवेश के संबंध में अलग-अलग प्रावधान किया गया है।

ख) व्यापार हेतु धारित:

अल्पावधि मूल्य/ब्याज-दर परिवर्तन का लाभ उठाते हुए 90 दिनों में पुनः बेचने के इरादे से किए गए निवेशों को 'व्यापार हेतु धारित' श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ग के निवेशों का समग्र रूप से स्क्रिप-अनुसार पुनर्मूल्यांकन किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास को अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में तत्संगत परिवर्तन करते हुए लाभ-हानि लेखा में हिसाब में लिया गया है। व्यापार / उद्धृत निवेश के संबंध में, बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध ट्रेडों / उद्धरणों से लिया गया है।

ग) बिक्री हेतु उपलब्ध:

i. उपर्युक्त दो श्रेणियों के अंतर्गत न आनेवाले निवेशों को 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी के अंतर्गत अलग-अलग स्क्रिपों का पुनर्मूल्यांकन किया गया है और उक्त वर्गीकरण में से किसी के भी अंतर्गत हुए निवल मूल्यह्रास को लाभ और हानि लेखे में हिसाब में लिया गया है। किसी भी वर्गीकरण के अंतर्गत निवल मूल्यवृद्धि को नज़रअंदाज कर दिया गया है। अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में पुनर्मूल्यांकन के बाद परिवर्तन नहीं किया गया है।

ii. कोई निवेश परिपक्वता के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत है, या बिक्री के लिए उपलब्ध है या इसकी खरीद के समय व्यापार के लिए धारित है तथा बाद में इसकी श्रेणियों में अंतरण और उसका मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाता है।

iii. ट्रेजरी बिल, वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र, बट्टा वाले लिखत हैं, लागत मूल्य पर इनका मूल्यांकन किया जाता है।

iv. उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन बाजार मूल्यों पर किया जाता है और जो सरकारी प्रतिभूतियां उद्धृत नहीं है/ जिनका व्यापार नहीं हो रहा है उनका मूल्य निर्धारण वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा घोषित मूल्यों पर किया जाता है।

v. निवेश जो भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए कॉर्पस या निधि से बने होते हैं और संबंधित निधि शेष से बेची हुई निधि का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं अपितु उसकी लागत पर होता है।

vi. निवेशों में खरीद और बिक्री की प्रविष्टि 'निपटान तारीख' का पालन करते हुए की गई है।

vii. जो डिबेंचर/बाण्ड/शेयर अग्रिम की प्रवृत्ति के माने गए हैं, वे ऋण और अग्रिमों पर लागू सामान्य विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन हैं।

viii. निवेशों की लागत भारित औसत लागत पद्धति से निर्धारित की गई है।

ix. अभिग्रहण/बिक्री के समय अदा की गई दलाली, कमीशन आदि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया गया है।

x. ऋण-निवेश में प्रदत्त/प्राप्त खंडित अवधि-ब्याज को ब्याज व्यय/आय माना गया है और उसे लागत/बिक्री-राशि से अलग रखा गया है।

xi. बीज पूँजी योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सूची से इतर निवेशों के संबंध में पूर्ण प्रावधान किया गया है।

xii. भारतीय रिजर्व बैंक के संगत दिशानिर्देशों के अनुसार म्यूचुअल फंड की इकाइयों को उनकी पुनर्खरीद मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है।

xiii. उद्धृत न की गई निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा) का मूल्यांकन केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के समान परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर से उपयुक्त मार्क अप के आधार पर किया गया है। एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित संगत दरों के अनुसार परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर और इस तरह के मार्क-अप को लागू किया गया हैं।

xiv. गैर-उद्धृत शेयरों का मूल्यांकन खंडित मूल्य पर किया गया है, यदि निवेशिती कंपनियों के नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण उपलब्ध हैं, या भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार `1/- प्रति कंपनी का मूल्य रखा गया।

4. विदेशी मुद्रा संव्यवहार:

विदेशी मुद्रा संव्यवहारों को लेखा-बहियों में संबंधित विदेशी मुद्रा में संव्यवहार के दिन लागू विनिमय दरों पर दर्ज़ किया गया है। विदेशी मुद्रा संव्यवहार का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक (एएस)-11 के अनुसार निम्नलिखित उपबंधों के अनुरूप किया गया है:

i. बकाया अग्रेषण विनिमय अनुबंधों के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटी, स्वीकृतियां, पृष्ठांकनों एवं अन्य देयताओं के संबंध में गणना फ़ॉरेन एक्स्चेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा अधिसूचित बंद विनिमय दरों पर की जाती है।

ii. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को फ़ॉरेन एक्स्चेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा तुलन-पत्र की तारीख में प्रभावी अधिसूचित अन्तिम विदेशी मुद्रा-दर में परिवर्तित किया गया है।

iii. विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय मदों को वास्तविक बिक्री/खरीद के माध्यम से मासिक अन्तरालों पर परिवर्तित किया जाता है और उन्हें तदनुसार लाभ-हानि खाते में हिसाब में लिया गया है।

iv. विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन हेतु विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्था पर पुनर्मूल्यांकन अन्तर को भारत सरकार के परामर्श से खोले गए एक विशेष खाते में समायोजित और रिकॉर्ड किया जाता है।

v. व्युत्पन्नी संव्यवहारों के संबंध में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बचाव (हेज) लेखांकन का अनुसरण करता है।

vi. मौद्रिक वस्तुओं के निपटान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर को उस अवधि में आय या व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

vii. बकाया फॉरवर्ड एक्सचेंज कॉन्ट्रैक्ट्स जो ट्रेडिंग के लिए अभिप्रेत नहीं हैं, वे फेडाई द्वारा अधिसूचित दरों पर पुनर्मूल्यांकित किये जाते हैं।

5. व्युत्पन्नियाँ

बैंक अपनी विदेशी मुद्रा देयताओं के बचाव के लिए वर्तमान में मुद्रा व्युत्पन्नी संव्यवहारों जैसे अंतर-मुद्रा ब्याज-दर विनिमय में व्यवहार करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार बचाव के उद्देश्य से किए गए उक्त व्युत्पन्नी संव्यवहारों को उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है। अनुबंधित रुपया राशि पर व्युत्पन्नी संव्यवहार अनुबंधों पर आधारित देयताओं को तुलन-पत्र की तारीख पर रिपोर्ट किया गया है।

6. ऋण एवं अग्रिम:

i. ऋण तथा अन्य सहायता संविभागों का प्रतिनिधित्व करने वाली आस्तियों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार अर्जक और अनर्जक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अनर्जक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रावधान किया गया है।

ii. तुलन-पत्र में उल्लिखित अग्रिम, अनर्जक अग्रिमों व पुनर्संरचित अनर्जक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर है।

iii. मानक आस्तियों के संबंध में सामान्य प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं।

iv. चल प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार किए और उपयोग में लाए गए हैं।

7. कराधान:

i. कर संबंधी व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर, दोनों शामिल हैं। वर्तमान आयकर की गणना आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार आयकर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली संभावित राशि के और आय परिकलन प्रकटीकरण मानकों के आधार पर की जाती है।

ii. आस्थगित आयकर, वर्ष की कर-योग्य आय तथा लेखांकन आय के मध्य वर्तमान वर्ष के समयांतराल और पूर्ववर्ती वर्षों के समयांतराल के प्रत्यावर्तन के प्रभाव को दर्शाता है। आस्थगित कर की गणना तुलन-पत्र की तारीख तक अधिनियम अथवा यथेष्ट रूप में अधिनियमित कर-कानूनों और कर की दरों के आधार पर की गई है।

iii. आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस सीमा तक निर्धारित की गई हैं, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसे आस्थगित कर की वसूली हो सकती है। पूर्ववर्ती वर्षों की अनिर्धारित आस्थगित आस्तियों का उस सीमा तक पुनर्मूल्यांकन और निर्धारण किया गया है, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली हो सकती है।

iv. जो प्रावधान न किए गए विवादित कर हैं, जिसमें विभागीय अपील भी शामिल है, उन्हे आकस्मिक देयता में लिया गया हैं।

8. प्रतिभूतीकरण:

i. बैंक क्रेडिट रेटिंग-युक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आस्ति-समूहों को बैंकों/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी पास-थ्रू-प्रमाणपत्रों के ज़रिए खरीदता है। इस प्रकार के प्रतिभूतीकरण संव्यवहार निवेश के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं और निवेश के उद्देश्य के आधार पर उनका आगे वर्गीकरण व्यापार हेतु धारित/विक्रय हेतु उपलब्ध के रूप में किया जाता है।

ii. बैंक द्विपक्षीय सीधे समनुदेशक के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के श्रेणीनिर्धारित आस्ति-समूह खरीदता है। ऐसे सीधे समनुदेशन संव्यवहारों को बैंक द्वारा 'अग्रिम' के रूप में लेखांकित किया जाता है।

iii. बैंक सीधे समनुदेशन द्वारा ऋण एवं अग्रिम की बिक्री करता है। अधिकतर मामलों में बैंक इन संव्यवहारों के अंतर्गत बेचे गए ऋण एवं अग्रिम की चुकौती करना जारी रखता है तथा बेचे गए ऋण एवं अग्रिम पर अवशेष ब्याज का हक़दार होता है। आस्तियों पर नियंत्रण के समर्पण के सिद्धान्त के आधार पर सीधे समनुदेशन के अंतर्गत बेची गई आस्तियों को बैंक की बहियों के हिसाब से निकाल दिया जाता है।

iv. बेचे गए ऋणों एवं अग्रिमों पर अवशेष आय को अंतर्निहित ऋणों एवं अग्रिमों के जीवनकाल के अनुसार हिसाब में लिया जा रहा है।

v. आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति प्राप्ति को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसे लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकित किया जाता है।

9. आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री:

i. अनर्जक आस्तियों की बिक्री नकद आधार पर अथवा प्रतिभूति प्राप्ति (एसआर) में निवेश आधार पर की जाती है। एसआर आधार पर बिक्री के मामले में, बिक्री प्रतिफल अथवा उसके भाग को प्रतिभूति-प्राप्ति के रूप में निवेश समझा जाता है।

ii. यदि आस्ति की बिक्री निवल बही मूल्य (अर्थात् बही-मूल्य में से धारित प्रावधान हटाने पर प्राप्त मूल्य) से कम पर कर दी जाती है, तो कमी को लाभ-हानि लेखा के नामे किया जाता है। यदि बिक्री मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक है, तो धारित बेशी प्रावधान को उस वर्ष लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित किया जा सकता है, जिस वर्ष राशि प्राप्त हुई हो। बेशी प्रावधान का प्रतिवर्तन उस प्राप्त राशि तक सीमित होता है, जो आस्ति के निवल बही मूल्य से अधिक हो।

10. स्टाफ के हितार्थ प्रावधान

क) सेवानिवृत्ति पश्चात् लाभ:

i. भविष्य निधि बैंक द्वारा चलाई जा रही एक निश्चित अंशदायी योजना है और उसमें किए गए अंशदान लाभ-हानि लेखे पर प्रभारित होते हैं।

ii. ग्रैच्युटी देयता तथा पेंशन देयता निश्चित लाभ दायित्व हैं और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ, जैसे- क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभ, छुट्टी किराया रियायत आदि का प्रावधान स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर तुलन-पत्र की तारीख पर किया जाता है, जो एएस 15 (यथोसंशोधित 2005)- कर्मचारी लाभ के अनुसार अनुमानित इकाई जमा पद्धति पर आधारित होता है।

iii. बीमांकिक लाभ/हानि लाभ-हानि लेखे में बीमांकिक मूल्यांकन आधार पर दर्ज़ किए जाते हैं ।

iv. नई पेंशन योजना निश्चित अंशदान वाली योजना है। यह उन कर्मचारियों पर लागू है, जो 1 दिसंबर 2011 या उसके बाद बैंक की सेवा में आए हैं। बैंक पूर्व-निर्धारित दर पर निश्चित अंशदान करता है और बैंक का दायित्व उक्त निश्चित अंशदान तक सीमित है। यह अंशदान लाभ-हानि खाते में भारित होता है।

v. स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति योजना के अंतर्गत किए गए भुगतान का व्यय जिस वर्ष होता है, उसी वर्ष के लाभ-हानि लेखे में उसे प्रभारित किया जाता है।

ख) सेवा-कालिक (अल्पाविधि) लाभ:

अल्पावधि लाभों से उत्पन्न देयता का निर्धारण गैर-बट्टाकृत आधार पर होता है और उस सेवा अवधि के संबंध में होता है, जिसके कारण कर्मचारी ऐसे लाभ का हकदार बनता है।

11. स्थिर आस्तियाँ और मूल्यह्रास

i. स्थिर आस्तियाँ अभिग्रहण की लागत में से संचित मूल्यह्रास और क्षति (यदि हो) को घटाकर दर्शाई गई हैं।

ii. आस्ति की लागत में खरीद लागत और उपयोग करने से पहले आस्ति पर किए गए सभी व्यय शामिल हैं। उपयोग में रखी गई आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय केवल तभी पूंजीकृत होंगे जब इन आस्तियों या उनकी कार्यशील क्षमता से भविष्य का लाभ

iii. पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान निम्नवत किया गया है (चाहे पूँजीकरण की तारीख जो भी हो)-

क) फर्नीचर और फिक्स्चरः बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- 100 प्रतिशत की दर से

ख) कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर- 100 प्रतिशत की दर से

ग) भवन-मूल्यह्रासित मूल्य पद्धति पर- 5 प्रतिशत की दर से

घ) विद्युत संस्थापनाएं: बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- मूल्यह्रासित मूल्य-पद्धति पर- 50 प्रतिशत की दर से

ङ) मोटर कार- सीधी रेखा पद्धति- 50 प्रतिशत की दर से

iv. वस्तुओं के जुड़ाव पर मूल्यह्रास का प्रावधान पूरे वर्ष के लिए होता है, किन्तु बिक्री/निस्तारण के वर्ष के लिए मूल्यह्रास नहीं होता।

v. पट्टाधारित भूमि का परिशोधन पट्टे की अवधि-पर्यंत किया जाता है।

12. आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान और आकस्मिक आस्तियाँ

एएस-29 प्रावधानों के अनुसार आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियों को बैंक चिन्हीकृत और जब पिछली घटनाओं के फलस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व बनता है, संसाधनों के व्यय की संभावना रहती है और दायित्व की राशि के विषय में विश्वसनीय अनुमान किया जा सकता है, तब गणना में पर्याप्त सीमा तक अनुमान करते हुए प्रावधान किए जाते हैं। वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण होता है, न ही प्रकटन। आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान नहीं किया जाता और तुलन-पत्र में उनका प्रकटन होता है तथा विवरण तुलन-पत्र की अनुसूचियों में दिए जाते हैं। आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के प्रावधानों की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है।

13. अनुदान एवं सब्सिडी

सरकार तथा अन्य एजेंसियों से प्राप्त अनुदान एवं सब्सिडी का लेखांकन करार की शर्तों के अनुसार किया जाता है।

14. परिचालनगत पट्टा

पट्टा संबंधी किराए को एएस-19 के अनुसार पट्टे के अवधि में सीधी रेखा आधार पर लाभ और हानि लेखे में व्यय/आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है।

15. आस्तियों की क्षति

प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को आस्तियों की रख-रखाव राशियों की समीक्षा की जाती है, ताकि आंतरिक व बाह्य कारणों के आधार पर किसी क्षति का संकेत हो तो निम्नलिखित का निर्धारण किया जा सके :

क) क्षति- हानि (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रावधान, अथवा

ख) पूर्ववर्ती अवधि में चिह्नित क्षति (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रत्यावर्तन-निर्धारण

यदि किसी आस्ति की रख-रखाव राशि वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो क्षति-हानि का निर्धारण किया जाता है।

16. नकदी और नकदी समतुल्य:

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी और नकदी समतुल्यों में हाथ में रोकड़, भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष, अन्य बैंकों में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि व म्युचुअल फंड में ऐसा निवेश शामिल होता है, जिसकी मूल परिपक्वता अवधि तीन माह या कम की हो।

अनुसूची XVI लेखे की टिप्पणियाँ

1 इंड एएस का कार्यान्वयन:

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 15 मई, 2019 को बैंकों को जारी पत्र के अनुसार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (एआईएफआई) के लिए इंड-एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। तदनुसार, बैंक के वित्तीय विवरण आईजीएएपी के तहत तैयार किए जाते हैं। तथापि, बैंक भा रि बैंक को अर्धवार्षिक आधार पर प्रोफार्मा इंड-एएस के रूप में वित्तीय विवरण पहले की तरह प्रस्तुत करना जारी रखेगा जैसाकि भा.रि. बैंक के 15 मई, 2019 के पत्र में सूचित किया गया है। वर्तमान में, सिडबी आईजीएएपी वित्तीय विवरणियों को इंड-एएस वित्तीय विवरणियों में रूपांतरित करने के लिए एक्सेल-शीट का उपयोग कर रहा है। बैंक ने उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार 30 सितंबर, 2019 तक भा रि बैंक को वित्तीय विवरणों के रूप में आईजीएएपी परिवर्तित प्रोफार्मा इंड-एस पहले ही प्रस्तुत कर दिया है।

2.1 लेखांकन मानक 22 के अनुसार, आय पर कर के लिए लेखांकन की अपेक्षाओं के अनुसार, बैंक ने आस्थगित कर आस्तियों / देयताओं की समीक्षा की है और 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखे में आस्थगित कर आस्ति के रूप में ₹19,43,10,130 की राशि को मान्यता दी है (पिछले वर्ष - आस्थगित कर आस्ति ₹24,18,96,000 थी)।

2.2 31 मार्च, 2021 को आस्थगित कर आस्तियों /(देयताओं) के अलग-अलग आँकड़ें:

(राशि ₹ में)

समय-अंतर		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
		आस्थगित कर आस्ति /(देयता)	आस्थगित कर आस्ति /(देयता)
क)	मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	63,32,997	37,17,630
ख)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि	(3,71,54,81,342)	(3,52,02,16,577)
ग)	अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	46,46,70,676	1,20,50,72,585
घ)	भारत सरकार बांडों के निर्गम पर प्राप्त प्रीमियम का परिशोधन	(1,06,49,427)	(2,12,98,854)
ड़)	खातों की पुनर्संरचना के लिए प्रावधान	54,95,443	1,63,22,587
च)	अग्रनीत दीर्घकालीन पूँजी हानि	-	-
छ)	गैर-निष्पादक निवेशों के लिए प्रावधान	-	-
ज)	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	2,78,48,23,976	1,64,85,24,603
झ)	अन्य	64,38,85,092	65,26,45,311
	निवल आस्थगित कर आस्ति /(देयता)	**17,90,77,415**	**(1,52,32,715)**

3 आयकर के प्रावधान में निम्नलिखित शामिल हैं

(राशि ₹ में)

क्र.सं.	विवरण	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
(i)	वर्तमान आयकर प्रावधान	7,68,66,09,000	5,18,46,80,000
(ii)	पिछले वर्षों का कम /(अधिक) आयकर प्रावधान	-	(99,73,122)

कर देयता की जाँच कर-परामर्शदाता द्वारा की गई है

4 अनुसूची XI में उल्लेख की गई आकस्मिक देयताएँ

₹5,06,41,82,735 (गत वर्ष ₹5,74,27,63,852) की आकस्मिक देयताएँ आयकर /सेवाकर / सिडबी के विरुद्ध दायर विधिक मामलों से संबंधित हैं। यह बैंक द्वारा विवादित है और विशेषज्ञों की राय के आधार पर, इसके लिए प्रावधान आवश्यक नहीं समझा गया है। इसमें ₹2,39,54,59,323 (गत वर्ष ₹173,22,02,927) की राशि शामिल है, जो आयकर विभाग द्वारा बैंक के विरुद्ध दायर की गई अपील से संबंधित है।

5 अनुसूची IV में उधारियों के अंतर्गत 'बॉण्ड व डिबेंचर' में निम्नलिखित शामिल हैं

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
a)	अप्रतिभूत बांड	1,70,87,50,00,000	1,75,62,50,00,000

6 अनुसूची x में अन्य आस्तियों के अंतर्गत 'व्यय, जहाँ तक बट्टे खाते नहीं डाले गए' में निम्नलिखित शामिल हैं

(राशि ₹ में)

	विवरण	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क)	आरबीआई एनआईसी (एलटीओ) के भारत सरकार के बॉण्डों में अंतरण पर प्रीमियम	4,23,13,364	8,46,26,725
ख)	अग्रिम रूप से अदा किया गया बट्टा - जमा पत्र	1,64,39,75,891	4,72,11,42,319
ग)	अग्रिम रूप से अदा किया गया बट्टा - वाणिज्य पत्र	24,13,15,527	67,03,00,288
घ)	अप्रतिभूत बॉण्ड जारी करने पर व्यय	1,48,48,742	4,83,05,739
	योग	**1,94,24,53,524**	**5,52,43,75,071**

7 ब्याज व वित्तीय प्रभार

(राशि ₹ में)

		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
क)	उधारियों पर ब्याज	15,86,39,50,186	21,44,36,98,531
ख)	जमा पर ब्याज	45,38,88,60,026	51,17,75,96,026
ग)	वित्तीय प्रभार	4,17,59,54,676	4,59,92,92,636
	योग	**65,42,87,64,888**	**77,22,05,87,193**

(राशि ₹ में)

8

	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
गैर प्रावधान किए गए पूँजी लेखा पर निष्पादित किए जाने के लिए शेष संविदाओं की अनुमानित राशि (प्रदत्त अग्रिम को छोड़कर)	75,66,907	21,02,888

9 अनुसूची IX में परिसर के अंतर्गत परिसर की अधिप्राप्ति के प्रति ₹11,06,68,896 (गत वर्ष ₹11,06,68,896) का अग्रिम तथा निर्माणाधीन पूँजी कार्य के प्रति ₹75,66,907 (गत वर्ष ₹21,02,888) की राशि शामिल है। परिसर की अधिप्राप्ति के प्रति ₹11,06,68,896 का अग्रिम कार्यालय परिसर की अधिप्राप्ति के लिए अदा किया गया था, जिससे संबंधित प्रस्ताव बाद में परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब के कारण निरस्त कर दिया गया। बैंक संबंधित एजेंसी से उक्त राशि की वापसी के लिए पत्राचार कर रहा है। मामला राज्य सरकार के संबंधित विभाग के साथ उठाया गया है, तथापि, वित्त वर्ष 2020 में इस राशि के प्रति ₹11,06,68,896 के संपूर्ण राशि का प्रावधान किया गया है।

10 जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) (जिसे पहले जापान बैंक आफ इंटरनेशनल कोआपरेशन -जेबीआईसी के नाम से जाना जाता था) से ऋण व्यवस्था V के अंतर्गत प्राप्त 30 बिलियन जापानी येन के विदेशी मुद्रा उधार के संबंध में भारत सरकार के साथ सहमत शर्तों के अनुसार विनिमय दर उतार-चढाव निधि (ईआरएफएफ) सृजित की गई है एवं उसे विदेशी मुद्रा उतार चढाव आरक्षिति निधि में शामिल किया गया है। अधिसूचित दर पर लागू ब्याज को इस ईआरएफएफ खाते में जमा किया जाता है और अनुबंधित दर पर जाइका को देय ब्याज इस खाते से नामे किया जाता है। इसके अलावा, ईआरएफएफ खाते में आरंभिक शेषराशि पर निर्धारित दर से अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि का परिकलन किया जाता है। भारत सरकार से अनुमोदन के बाद बैंक ने जेआईसीए लाइन V के तहत पूरे बकाया का मई 2020 में पूर्व भुगतान कर दिया था। पूर्व भुगतान को समायोजित करने के बाद, ईआरएफएफ-जाइका V खाते में ₹517.86 करोड़ का ऋण अधिशेष था जिसे अब बहियों में अग्रनीत करने की आवश्यकता नहीं थी और इसलिए इसे भारत सरकार के अनुमोदन से हटा दिया गया था। इस राशि को 'अनुसूची XIII में अन्य आय' के तहत शामिल किया गया है।

11 जाइका IV ऋण के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त ₹1,30,82,66,654 (पिछले वर्ष ₹1,74,43,55,536) के उधार को तुलनपत्र में 'अनुसूची IV - उधारियों' में अपने ऐतिहासिक रुपये मूल्य में अग्रेनीत किया गया है, क्योंकि करार के अंतर्गत सिडबी की मूलधन चुकौती की देयता रुपये में ऋण और इस ऋण के लिए रखे गए ईआरएफएफ के शेष योग से अधिक होने की अपेक्षा नहीं की जाती है। इसी ईआरएफएफ खाते में 8% पर लागू ब्याज जमा किया जाता है और जेपीवाई (आईएनआर में मुद्रा-विनिमय के उपरांत समतुल्य राशि) में देय ब्याज इस खाते से नामे किया जाता है। इस ऋण के लिए रखे ईआरएफएफ में 31 मार्च, 2021 को शेष ₹1,05,25,55,521 (पिछले वर्ष ₹161,64,60,277) हैं।

12 बैंक ने विश्व बैंक से 300 मिलियन डालर की ऋण-व्यवस्था की संविदा की । यह दीर्घकालिक और उतरदायित्व पूर्ण अल्पवित्त परियोजना को बड़े पैमाने पर चलाने के लिए है। इसमें 65.9 मिलियन एसडीआर (100 मिलियन अमेरिकी डालर के समतुल्य) का आईडीए का हिस्सा भी शामिल है। आईडीए ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार उधारकर्ता है और भारत सरकार सिडबी को रुपए में ऋण देती है, यद्यपि करार की शर्तों के अनुरूप विनिमय जोखिम का वहन सिडबी द्वारा किया जाना अपेक्षित है। इस प्रकार यद्यपि भारत सरकार ने सिडबी को रुपए में निधि जारी की है, इसे सिडबी के खातों में सही स्थिति दर्शाने हेतु एसडीआर देयता के रूप में दर्ज किया गया, ताकि वर्ष के अंत में आंकड़ों में पुनर्मूल्यांकन अंतर उपयुक्त रूप से प्रदर्शित हो । तदनुसार उक्त ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत 31 मार्च 2021 तक 46.95 मिलियन अमेरिकी डालर (₹486.47 करोड़ के बराबर) [गत वर्ष 49.43 मिलियन अमेरिकी डालर (₹510.25 करोड़ के बराबर)] के आहरण को भारत सरकार के प्रति रुपया देयता के रूप में दर्ज किया गया है तथा निहित देयता का बचाव परस्पर लेनदेन की मुद्रा में ब्याजदर की अदलाबदली के माध्यम से किया गया है। इसे अनुसूची IV - 'भारत में उधारियाँ' के अंतर्गत समूहित किया गया है।

13 (क) एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने निधियों की निधि के लिए ₹310 करोड़ की आकांक्षा निधि (ऐस्पायर फंड) का आवंटन सिडबी को किया है जिसका प्रबंध सिडबी को करना है। उक्त निधि का उपयोग ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में कृषि आधारित उद्योगों एवं क्षेत्रों से संबंधित स्टार्ट-अप/ नए उद्यमों में उद्यम पूंजी निधियों में निवेश तथा नवोन्मेषिता, उद्यमिता, विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में उत्पादनोपरांत और उत्पादन-पूर्व वैल्यू चेन से लिंकेज को बढ़ावा देने तथा त्वरित रूप से सहायता उपलब्ध कराने के लिए होगा। ये निवेश न्यासी रूप में सिडबी के पास सुरक्षित हैं। निवेश की धनराशि को हटाकर, आकांक्षा निधि की शेष निधि को तुलनपत्र की अन्य देयताओं" के अंतर्गत समूहित किया गया है तथा सभी लाभ/हानियां/आय/व्यय इस निधि का हिस्सा हैं। यथा 31 मार्च 2021 तक निधि में शेष राशि ₹2,72,83,53,833 (गत वर्ष ₹283,15,39,259) रही।

ख) भारत सरकार ने स्टार्ट अप्स में ईक्विटी सहायता बढ़ाने के मुख्य उद्देश्य से निधियों की निधि योजना बनाई है। योजना के अंतर्गत ₹10,000 करोड़ की निधियों की निधि योजना प्रस्तावित है, जिसका प्रबंध सिडबी को करना है। सरकार ने निधियों की निधि की उक्त समूह निधि से ₹14,61,29,44,000 सिडबी को दिए हैं तथा निधियों की निधि के अंतर्गत अतिरिक्त प्रतिबद्धता की भी अनुमति प्रदान की है। वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने सिडबी को सूचित किया है कि वह वैकल्पिक निवेश निधि को प्रतिबद्धता जारी रखे। ये निवेश न्यासी रूप में सिडबी के पास सुरक्षित हैं। निवेश की धनराशि को हटाकर, निधियों की निधि की शेष राशि को तुलनपत्र की "अन्य देयताओं" के अंतर्गत समूहित किया गया है तथा सभी लाभ/हानियां/आय/व्यय इस निधि का हिस्सा हैं। यथा 31 मार्च 2021 तक निधि में शेष राशि ₹1,69,55,48,687 (पिछले वर्ष ₹157,78,06,412) रही।

ग) उत्तर प्रदेश की सूचना प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप नीति 2017 के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए उनकी स्थापना और समृद्धि के लिए ₹1,000 करोड़ का प्रारंभिक कोष स्थापित करेगी। निधि, निधियों की निधि के रूप में होगा। इस मॉडल में, निधि सीधे स्टार्ट-अप कंपनियों में निवेश नहीं की जाएगी, बल्कि इसे सेबी द्वारा अनुमोदित निधि में प्रतिभागिता करनी होगी। निधियों का प्रबंध पेशेवर रूप से सिडबी, निधि प्रबंधक द्वारा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने ₹15 करोड़ की राशि जारी की है। ये निवेश (उ.प्र. स्टार्टअप निधि में से) सिडबी द्वारा प्रत्ययी क्षमता में रखे जाएंगे। उ.प्र. स्टार्टअप निधि का निधि शेष, निवेश को घटाकर तुलनपत्र में "अन्य देनदारियों" के तहत समूहीकृत किया गया है और सभी लाभ/हानि/आय/व्यय निधि का हिस्सा हैं। यथा 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार निधि में शेष राशि ₹13,55,51,948 (पिछले वर्ष शून्य) है।

14 बैंक ने कुल मिलाकर ₹30,32,82,00,000 के अंकित मूल्य (बही मूल्य ₹30,00,18,54,173) [पिछले साल ₹497,82,00,000 (बही मूल्य ₹491,62,54,874)] की सरकारी प्रतिभूतियां तृतीय पक्ष रेपो संव्यवहार एवं निपटान (टीआरईपीएस) के लिए क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ बंधक रखी है।

निदेशकों की फीस, भत्ते व व्यय	56,65,658	56,56,120
लेखा परीक्षकों की फीस	36,96,387	33,64,757
विधि प्रभार	1,90,74,526	1,84,04,109
मरम्मत और रखरखाव	12,09,70,459	17,23,03,019
निर्गम व्यय	42,82,499	12,40,21,740
पूँजी हामीदारी, प्रबंध फीस आदि	1,49,78,690	7,70,27,713
अनुपलब्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट	9,30,45,281	12,40,21,740
अन्य व्यय	1,11,26,88,807	1,28,52,00,771
योग	**5,71,33,89,306**	**6,51,78,02,426**

अनुसूची XV: समेकित महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयार करने के आधार

समेकित वित्तीय विवरण सभी महत्त्वपूर्ण दृष्टियों से भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 (मूल) एवं उसकी सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं तथा उसके विनियमों, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदण्डों, कंपनी अधिनियम 2013 के लागू उपबंधों, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा लागू जारी लेखा मानकों और बैंकिंग उद्योग में प्रचलित पद्धतियों के अनुपालन में तैयार किए गए हैं। जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो, समेकित वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत पद्धति के अंतर्गत उपचय आधार पर तैयार किए गए हैं। जब तक कि अन्यथा उल्लिखित न हो, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (बैंक या सिडबी) द्वारा लागू की गई लेखा-नीतियाँ पिछले वर्ष प्रयोग की गई नीतियों के अनुरूप हैं।

आकलनों का उपयोग:

आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धान्तों की अनुरूपता में समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन से अपेक्षित होता है कि वह ऐसे आकलन और अनुमान करें, जो समेकित वित्तीय विवरण की तारीख में आस्तियों और देयताओं की रिपोर्ट की गई राशियों, आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रिपोर्ट की अवधि में रिपोर्ट की गई आय और व्यय की राशियों को प्रभावितकरते हैं। प्रबंधन का मानना है कि ये आकलन और अनुमान उचित और विवेकपूर्ण है। वास्तविक परिणाम उक्त अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में किसी संशोधन का निर्धारण संबंधित लेखा-मानक की अपेक्षाओं के अनुरूप वर्तमान और भविष्य की अवधियों में संभावित रूप से मान्यता दी जाती है।

समेकन प्रक्रिया:

सहायक संस्थाओं जिनको समेकित वित्तीय विवरणों विव 2020-21 और 2019-20 में शामिल हैं:

1) मुद्रा यूनिट्स डेवलेपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा)

2) सिडबी उद्यम पूंजी निधि लिमिटेड (एसवीसीएल)

3) सिडबी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एसटीसीएल)

सहयोगी संस्थाओं के समेकित वित्तीय विवरणों 2020-21 में शामिल हैं:

1) एक्विटे रेटिंग्स लिमिटेड (पूर्व में स्मेरा)

2) इण्डिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आइसार्क)

3) दिल्ली वित्त निगम

4) रिसीवेबल एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल)

5) किटको लिमिटेड

6) एपिटको लिमिटेड

सहयोगी संस्थाओं के समेकित वित्तीय विवरणों 2019-20 में शामिल हैं:

1) एक्विट रेटिंग्स लिमिटेड (पूर्व में स्मेरा)

2) इण्डिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आइसार्क)

3) दिल्ली वित्त निगम

4) रिसीवेबल एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल)

5) किटको लिमिटेड

6) एपिटको लिमिटेड

7) इण्डिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेस लिमिटेड (वित्त वर्ष 21 में परिसमापन के तहत)

समूह (3 सहायक और 6 सहयोगी संस्थाओं जिनके विवरण ऊपर दिए गए हैं) के समेकित वित्तीय विवरणों को निम्नलिखित आधार पर तैयार किया गया है.

क. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (मूल) के लेखापरीक्षित लेखे

ख. भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी एएस 21 (समेकित वित्तीय विवरण) के अनुसार वसूल न किये हुए लाभ / हानि और सभी सामग्री अंतर-समूह शेष / सव्यवहार को समाप्त करने के बाद और मूल के सन्दर्भ में 3 सहायक कंपनियों की आस्ति / देयता / आय / व्यय के प्रत्येक मद का पंक्ति दर पंक्ति समेकन किया गया है।

ग. सहयोगी संस्थाओं के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर आईसीएआई द्वारा जारी एएस 23 (सहयोगी संस्थाओं के समेकित वित्तीय विवरणों में निवेश के लिए लेखांकन) के अनुसार सहयोगी संस्थाओं में निवेश को ईक्विटी विधि के अंतर्गत माना गया है।

घ. लेखांकन नीतियों में अंतर के मामले में, मूल संस्था की लेखांकन नीतियों के अनुरूप, सहायक और सहयोगी संस्थाओं के वित्तीय विवरण जहां भी आवश्यक और व्यावहारिक होते हैं, समायोजित किए जाते हैं। लेखांकन नीतियों में अंतर के मामले में, सहयोगियों के वित्तीय विवरण, समायोजन नहीं किए गए हैं क्योंकि बैंक के प्रबंधन की राय में वे महत्वपूर्ण नहीं हैं।

2. राजस्व निर्धारण

बैंक को जो भी संभव आर्थिक लाभ से राजस्व मिलेगा उसका निर्धारण किया गया है और राजस्व को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

क) आय:

i. दण्डात्मक ब्याज सहित ब्याज आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है, सिवाय अनर्जक आस्तियों के मामलों के जहाँ उसे वसूली के बाद हिसाब में लिया गया है।

ii. लाभ और हानि लेखा में आय, सकल रूप में अर्थात् भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों तथा बैंक की आन्तरिक नीति के अनुसार दबावग्रस्त आस्तियों हेतु प्रावधान जैसे अन्य प्रावधानों से पहले दर्शायी गई है।

iii. बिलों की भुनाई/पुनर्भुनाई तथा लिखतों की भुनाई को लिखतों की मीयाद के अनुसार निरंतर प्रतिलाभ आधार पर निर्धारित किया गया है।

iv. मानक (अर्जक) आस्तियों के संबंध में वचनबद्धता प्रभार, बीज पूँजी/सुलभ ऋण सहायता पर सेवा-प्रभार और रॉयल्टी आय को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है।

v. औद्योगिक प्रतिष्ठानों और वित्तीय संस्थाओं में धारित शेयरों पर लाभांश को वसूली का अधिकार स्थापित हो जाने के पश्चात् आय माना गया है।

vi. उद्यम पूँजी निधियों से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया गया है। उद्यम पूंजी निधि में एचटीएम श्रेणी में यूनिट/शेयरों के मोचन को बिक्री के रूप में नहीं माना जाता है।

vii. अनर्जक आस्तियों की वसूली को निम्नलिखित क्रम से विनियोजित किया गया है:

(क) अनर्जक आस्ति बनने की तारीख तक अतिदेय ब्याज

(ख) मूलधन

(ग) लागत व प्रभार

(घ) ब्याज एवं

(ङ) दंडात्मक ब्याज

viii. ऋणों एवं अग्रिमों की बिक्री पर प्रत्यक्ष समनुदेशन से हुए लाभ/हानि को भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुसार हिसाब में लिया गया है।

ix. पहले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सन्दर्भ में प्राप्त राशियों को लाभ हानि लेखे में आय के रूप में लिया गया है।

x. निवेश से बिक्री में लाभ या हानि : किसी भी श्रेणी के निवेशों की बिक्री से लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखा में ले जाया गया है। तथापि 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर लाभ के मामले में, समतुल्य राशि को पूँजी आरक्षित खाते में विनियोजित कर दिया गया है।

xi. सात साल से अधिक की अवधि के लिए दावा न किए गए देनदारियों (सांविधिक देनदारियों के अलावा) के रूप में पड़ी राशि को आय के रूप में लिया गया है।

xii. बैंक द्वारा आयकर विभाग से जारी किए गए ऐसे रिफंड आदेश / आदेश देने वाले प्रभावों की प्राप्ति पर आयकर रिफंड पर ब्याज को हिसाब में लिया गया है।

xiii. उधारकर्ताओं से सीजीटीएमएसई शुल्क, मूल्यांकन शुल्क, अधिवक्ता शुल्क, बीमा आदि की वसूली नकद आधार पर की जाती है।

xiv. एलसी/बीजी पर कमीशन को अवधि के दौरान उपचित आधार पर आनुपातिक रूप से मान्यता दी जाती है।

xv. मुद्रा - ब्याज सबवेंशन योजना पर प्रशासनिक आय को पूरे किए गए कार्य के प्रतिशत के रूप में उपचित आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

xvi. एसवीसीएल - राजस्व को उस हद तक मान्यता दी जाती है जहाँ यह संभव है कि कंपनी को आर्थिक लाभ मिले और राजस्व को विश्वसनीयता से मापा जा सके। वहां राजस्व को मान्यता नहीं दी जाती है जहां संबंधित उद्यम पूंजी निधियों/वैकल्पिक निवेश निधियों में आहरण प्राप्त नहीं होता है क्योंकि इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि कंपनी को आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे और ऐसे मामलों में इसे प्राप्त होने पर प्राप्ति के आधार पर हिसाब में लिया जाएगा।

कंपनी अपने द्वारा प्रबंधित वेंचर कैपिटल फंड्स/ वैकल्पिक निवेश फंड से तिमाही आधार पर/वार्षिक आधार पर (संबंधित फंड दस्तावेजों में निर्धारित अनुसार) प्रबंधन शुल्क के रूप में आय अर्जित करती है।

कंपनी आईआईबीआई द्वारा सौंपे गए निवेशों की बिक्री से प्राप्त शुद्ध लाभ के 5% की दर से आय को मान्यता देती है

xvii. एसटीसीएल - राजस्व को इस हद तक मान्यता दी जाती है कि जहाँ यह संभावना है कि कंपनी को आर्थिक लाभ मिलेगा और राजस्व को विश्वसनीयता से मापा जा सकता है।

कंपनी अपने द्वारा प्रबंधित उद्यम पूंजी निधियों/ वैकल्पिक निवेश निधियों से तिमाही आधार पर/वार्षिक आधार पर (संबंधित निधियों के साथ अनुबंधों में निर्धारित) ट्रस्टीशिप शुल्क के रूप में आय अर्जित करती है।

ख) व्यय:

i. विकास व्यय को छोड़कर शेष सभी व्यय उपचय आधार पर हिसाब में लिए गए हैं। विकास व्यय को नकद आधार पर हिसाब में लिया गया है।

ii. जारी किए गए बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों पर बट्टे को बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है। बॉण्ड जारी करने संबंधी व्ययों को बॉण्डों की मीयाद के अनुसार परिशोधित कर दिया गया है।

3. निवेश:

i. भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, संपूर्ण निवेश संविभाग को 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री हेतु उपलब्ध' तथा 'व्यापार हेतु धारित' की श्रेणियों में विभाजित कर दिया गया है। निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। प्रत्येक श्रेणी के निवेशों को पुनः निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया गया है:

क) सरकारी प्रतिभूतियाँ,

ख) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ,

ग) शेयर,

घ) डिबेंचर तथा बॉण्ड

ङ) सहायक संस्थाएँ/संयुक्त उपक्रम और

च) अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्युचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति पावतियां,जमा प्रमाणपत्र आदि)

क) परिपक्वता तक धारित

परिपक्वता तक बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है। ऐसे निवेशों को अर्जन लागत पर दर्शाया गया है, बशर्ते वह अंकित मूल्य से अधिक न हो। ऐसा होने पर प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित कर दिया गया है। सहायक कंपनियों में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक कंपनियों में निवेशों के मूल्य में कमी (अस्थायी को छोड़कर) प्रत्येक निवेश के संबंध में अलग-अलग प्रावधान किया गया है।

ख) व्यापार हेतु धारित

अल्पावधि मूल्य/ब्याज-दर परिवर्तन का लाभ उठाते हुए 90 दिनों में पुनः बेचने के इरादे से किए गए निवेशों को 'व्यापार हेतु धारित' श्रेणी में रखा गया है। इस वर्ग के निवेशों का समग्र रूप से स्क्रिप-अनुसार पुनर्मूल्यांकन किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि/मूल्यह्रास को अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में तत्संगत परिवर्तन करते हुए लाभ-हानि लेखा में हिसाब में लिया गया है। व्यापार / उद्धृत निवेश के संबंध में, बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध ट्रेडों / उद्धरणों से लिया गया है।

ग) बिक्री हेतु उपलब्ध

उपर्युक्त दो श्रेणियों के अंतर्गत न आनेवाले निवेशों को 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी के अंतर्गत अलग-अलग स्क्रिपों का पुनर्मूल्यांकन किया गया है और उक्त वर्गीकरण में से किसी के भी अंतर्गत हुए निवल मूल्यह्रास को लाभ और हानि लेखे में हिसाब में लिया गया है। किसी भी वर्गीकरण के अंतर्गत निवल मूल्यवृद्धि को नज़रअंदाज कर दिया गया है। अलग-अलग स्क्रिपों के बही-मूल्य में पुनर्मूल्यांकन के बाद परिवर्तन नहीं किया गया है।

(ii) कोई निवेश परिपक्वता के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत है, या बिक्री के लिए उपलब्ध है या इसकी खरीद के समय व्यापार के लिए धारित है तथा बाद में इसकी श्रेणियों में अंतरण और उसका मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाता है।

(iii) ट्रेजरी बिल, वाणिज्यिक पत्र और जमा प्रमाणपत्र, बट्टा वाले लिखत हैं, लागत मूल्य पर इनका मूल्यांकन किया जाता है।

(iv) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन बाजार मूल्यों पर किया जाता है और जो सरकारी प्रतिभूतियां उद्धृत नहीं है / जिनका ब्यापार नहीं हो रहा है उनका मूल्य निर्धारण वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट द्वारा घोषित मूल्यों पर किया जाता है।

(v) निवेश जो भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए कॉर्पस या निधि से बने होते हैं और संबंधित निधि शेष से बचे हुए निधि का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं अपितु उसकी लागत पर होता है।

(vi) निवेशों में खरीद और बिक्री की प्रविष्टि 'निपटान तारीख' का पालन करते हुए की गई है।

(vii) जो डिबेंचर/बाण्ड/शेयर अग्रिम की प्रवृत्ति के माने गए हैं, वे ऋण और अग्रिमों पर लागू सामान्य विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन हैं।

(viii) निवेशों की लागत भारित औसत लागत पद्धति से निर्धारित की गई है।

(ix) अभिग्रहण/बिक्री के समय अदा की गई दलाली, कमीशन आदि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया गया है।

(x) ऋण-निवेश में प्रदत्त/प्राप्त खंडित अवधि-ब्याज को ब्याज व्यय/आय माना गया है और उसे लागत/बिक्री-राशि से अलग रखा गया है।

(xi) बीज पूँजी योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सूची से इतर निवेशों के संबंध में पूर्ण प्रावधान किया गया है।

(xii) भारतीय रिजर्व बैंक के संगत दिशानिर्देशों के अनुसार म्यूचुअल फंड की इकाइयों को उनकी पुनर्खरीद मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है।

(xiii) (सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा) उद्धृत न की गई निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों का मूल्यांकन केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के समान परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर से उपयुक्त मार्क अप के आधार पर किया गया है। एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित संगत दरों के अनुसार परिपक्वता अवधि पर प्रतिलाभ की दर और इस तरह के मार्क-अप को लागू किया गया हैं।

(xiv) गैर-उद्धृत शेयरों का मूल्यांकन उसके कम मूल्य पर किया जाता है, यदि निवेशिती कंपनियों के नवीनतम लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण उपलब्ध हैं, या भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति कंपनी ₹1/- पर किया जाता है।

4. विदेशी मुद्रा संव्यवहार:

विदेशी मुद्रा संव्यवहारों को लेखा-बहियों में संबंधित विदेशी मुद्रा में संव्यवहार के दिन लागू विनिमय दरों पर दर्ज़ किया गया है। विदेशी मुद्रा संव्यवहार का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक (एएस)-11 के निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार किया गया है।

i. बकाया अग्रेषण विनिमय अनुबंधों के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटी, स्वीकृतियां, पृष्ठांकनों एवं अन्य देयताओं के संबंध में गणना विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा अधिसूचित बंद विनिमय दरों पर की जाती है।

ii. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा तुलन-पत्र की तारीख में प्रभावी अधिसूचित अन्तिम विदेशी मुद्रा-दर में परिवर्तित किया गया है।

iii. विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय मदों को वास्तविक बिक्री/खरीद के माध्यम से मासिक अन्तरालों पर परिवर्तित किया जाता है और उन्हें तदनुसार लाभ-हानि खाते में हिसाब में लिया गया है।

iv. विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन हेतु विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्था पर पुनर्मूल्यांकन अन्तर को भारत सरकार के परामर्श से खोले गए एक विशेष खाते में समायोजित और रिकॉर्ड किया जाता है।

v. व्युत्पन्नी संव्यवहारों के संबंध में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार बचाव (हेज) लेखांकन का अनुसरण करता है।

vi. मौद्रिक वस्तुओं के निपटान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर को उस अवधि में आय या व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

vii. बकाया वायदा विनिमय संविदाएं जो व्यापार के लिए अभिप्रेत नहीं हैं, उनका पुनर्मूल्यांकन विदेशी मुद्रा डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाइ) द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर किया जाता है।

5. व्युत्पन्नियाँ

बैंक अपनी विदेशी मुद्रा देयताओं के बचाव के लिए वर्तमान में मुद्रा व्युत्पन्नी संव्यवहारों जैसे अंतर-मुद्रा ब्याज-दर विनिमय में व्यवहार करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार बचाव के उद्देश्य से किए गए उक्त व्युत्पन्नी संव्यवहारों को उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है। अनुबंधित रुपया राशि पर व्युत्पन्नी संव्यवहार अनुबंधों पर आधारित देयताओं को तुलन-पत्र की तारीख पर रिपोर्ट किया गया है।

6. ऋण और अग्रिम

i. आस्तियों, अर्थात् ऋण तथा अन्य सहायता संविभागों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार अर्जक और अनर्जक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अनर्जक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रावधान किया गया है।

ii. तुलन-पत्र में उल्लिखित अग्रिम, अनर्जक आस्तियों और पुनर्संरचित अनर्जक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर है।

iii. मानक आस्तियों के संबंध में सामान्य प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए गए हैं।

iv. चल प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार किए और उपयोग में लाए गए हैं।

v. **मुद्रा:** मुद्रा विभिन्न एमएफआई / बैंकों / गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों द्वारा प्राप्त ऋण प्राप्तियों द्वारा समर्थित पास थ्रू प्रमाणपत्रों की सदस्यता ले रहा है। इस तरह के प्रतिभूतिकरण लेनदेन को ऋण और अग्रिम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तुलन-पत्र में सकल आधार पर दिखाया जाता है, जो बही मूल्य पर होते हैं और प्रावधान अलग से दिखाए जाते हैं। हालांकि, मानक आस्तियों पर प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

7. कराधान

i. कर संबंधी व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर, दोनों शामिल हैं। वर्तमान आय-कर की गणना आय-कर अधिनियम, 1961 के अनुसार आय-कर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली संभावित राशि के और आय परिकलन प्रकटीकरण मानकों के आधार पर की जाती है।

ii. आस्थगित आय-कर, वर्ष की कर-योग्य आय तथा लेखांकन आय के मध्य वर्तमान वर्ष के समयांतराल और पूर्ववर्ती वर्षों के समयांतराल के प्रत्यावर्तन के प्रभाव को दर्शाता है। आस्थगित कर की गणना तुलन-पत्र की तारीख तक अधिनियम अथवा यथेष्ट रूप में अधिनियमित कर-कानूनों और कर की दरों के आधार पर की गई है।

iii. आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस सीमा तक निर्धारित की गई हैं, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसे आस्थगित कर की वसूली हो सकती है। पूर्ववर्ती वर्षों की अनिर्धारित आस्थगित आस्तियों का उस सीमा तक पुनर्मूल्यांकन और निर्धारण किया गया है, जिस सीमा तक यह समुचित विश्वास है कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय होगी, जिसके प्रति ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली हो सकती है।

iv. जो विवादित कर हैं, जिसमें विभागीय अपील भी शामिल है, को आकस्मिक देयता में लिया गया हैं।

8. प्रतिभूतीकरण

(i) बैंक क्रेडिट रेटिंग-युक्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आस्ति-समूहों को बैंकों/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी पास-थ्रू-प्रमाणपत्रों के ज़रिए खरीदता है। इस प्रकार के प्रतिभूतीकरण संव्यवहार निवेश के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं और निवेश के उद्देश्य के आधार पर उनका आगे वर्गीकरण व्यापार हेतु धारित/विक्रय हेतु उपलब्ध के रूप में किया जाता है।

(ii) बैंक द्विपक्षीय सीधे समनुदेशक के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के श्रेणीनिर्धारित आस्ति-समूह खरीदता है। ऐसे सीधे समनुदेशन संव्यवहारों को बैंक द्वारा 'अग्रिम' के रूप में लेखांकित किया जाता है।

(iii) बैंक सीधे समनुदेशन द्वारा ऋण एवं अग्रिम की बिक्री करता है। अधिकतर मामलों में बैंक इन संव्यवहारों के अंतर्गत बेचे गए ऋण एवं अग्रिम की चुकौती करना जारी रखता है तथा बेचे गए ऋण एवं अग्रिम पर अवशेष ब्याज का हक़दार होता है। आस्तियों पर नियंत्रण के

समर्पण के सिद्धान्त के आधार पर सीधे समनुदेशन के अंतर्गत बेची गई आस्तियों को बैंक की बहियों के हिसाब से निकाल दिया जाता है।

(iv) बेचे गए ऋणों एवं अग्रिमों पर अवशेष आय को अंतर्निहित ऋणों एवं अग्रिमों के जीवनकाल के अनुसार हिसाब में लिया जा रहा है।

(v) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति प्राप्ति को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसे उपकरणों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकित किया जाता है।

9. आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री:

(i) अनर्जक आस्तियों की बिक्री नकद आधार पर अथवा प्रतिभूति प्राप्ति (एसआर) में निवेश आधार पर की जाती है। एसआर आधार पर बिक्री के मामले में, बिक्री प्रतिफल अथवा उसके भाग को प्रतिभूति-प्राप्ति के रूप में निवेश समझा जाता है।

(ii) यदि आस्ति की बिक्री निवल बही मूल्य (अर्थात् बही-मूल्य में से धारित प्रावधान हटाने पर प्राप्त मूल्य) से कम कर दी जाती है, तो कमी को लाभ-हानि लेखा के नामे किया जाता है। यदि बिक्री मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक है, तो धारित बेशी प्रावधान को उस वर्ष लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित किया जा सकता है, जिस वर्ष राशि प्राप्त हुई हो। बेशी प्रावधान का प्रतिवर्तन उस प्राप्त राशि तक सीमित होता है, जो आस्ति के निवल बही मूल्य से अधिक हो।

10. स्टाफ के हितार्थ प्रावधान:

क. सेवानिवृत्ति पश्चात् लाभ

(i) भविष्य निधि बैंक द्वारा चलाई जा रही एक निश्चित अंशदायी योजना है और उसमें किए गए अंशदान लाभ-हानि लेखे पर प्रभारित होते हैं।

(ii) ग्रैच्युटी देयता तथा पेंशन देयता निश्चित लाभ दायित्व हैं और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ, जैसे- क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभ, छुट्टी किराया रियायत आदि का प्रावधान स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर तुलन-पत्र की तारीख पर किया जाता है, जो एएस 15 (यथोसंशोधित 2005)- कर्मचारी लाभ के अनुसार अनुमानित इकाई जमा पद्धति पर आधारित होता है।

(iii) बीमांकिक अभिलाभों या हानियों की पहचान उनकी अवधि के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकनों के आधार पर लाभ-हानि लेखे मे की जाती है।

(iv) नई पेंशन योजना निश्चित अंशदान वाली योजना है। यह उन कर्मचारियों पर लागू है, जो 1 दिसंबर 2011 या उसके बाद बैंक की सेवा में आए हैं। बैंक पूर्व-निर्धारित दर पर निश्चित अंशदान करता है और बैंक का दायित्व उक्त निश्चित अंशदान तक सीमित है। यह अंशदान लाभ-हानि खाते में भारित होता है।

(v) वर्ष के दौरान हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत किए गए भुगतान को लाभ-हानि खाते में भारित होता है।

ख. सेवा-कालिक (अल्पाविधि) लाभ:

अल्पावधि लाभों से उत्पन्न देयता का निर्धारण गैर-बट्टाकृत आधार पर होता है और उस सेवा अवधि के संबंध में होता है, जिसके कारण कर्मचारी ऐसे लाभ का हकदार बनता है।

एसवीसीएल:

कर्मचारियों के लाभ:

<u>परिभाषित अंशदान योजनाएं:</u>

भविष्य निधि आदि में कंपनी के अंशदान को व्यय के समय लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया गया है।

परिभाषित लाभ योजनाएं:

कंपनी ग्रैच्युटी के रूप में सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराती है। ऐसे लाभ तुलन - पत्र तिथि पर स्वतंत्र बीमांकक के मूल्यांकन के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है। रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर वृद्धिशील देयता को लाभ और हानि विवरण के व्यय के रूप में प्रभारित किया जाता है। कंपनी ने अपनी निधि से जीवन बीमा निगम से समूह ग्रैच्युटी पालिसी ले रखी है।

कार्य निष्पादन वेतन:

कार्यनिष्पादन वेतन कर्मचारियों को एक वार्षिक प्रोत्साहन है जो कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन और कर्मचारियों के कार्य निष्पादन पर आधारित है।

छुट्टी नकदीकरण:

छुट्टी नकदीकरण के रूप में कंपनी सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करता है। ऐसे लाभ स्वतंत्र बीमांकक द्वारा तुलन पत्र की तिथि को मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। बकाया अवकाश को अवकाश नीति के आधार पर अल्पावधि और दीर्घावधि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति के अनुसार अल्पावधि और दीर्घकालिक अवकाश का मूल्यांकन बीमांकिक आधार पर किया गया है। इसके अलावा, कर्मचारी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपनी एकत्रित छुट्टी में से 15 दिन के अवकाश का नकदीकरण कर सकते हैं

11. स्थिर आस्तियाँ और मूल्यह्रास:

i. स्थिर आस्तियाँ अभिग्रहण की लागत में से संचित मूल्यह्रास और क्षति (यदि हो) को घटाकर दर्शाई गई हैं

ii. आस्ति की लागत में खरीद लागत और उपयोग करने से पहले आस्ति पर किए गए सभी व्यय शामिल हैं। उपयोग में रखी गई आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय केवल तभी पूंजीकृत होंगे जब इन आस्तियों या उनकी कार्यशील क्षमता से भविष्य का लाभ बढ़े।

iii. पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान निम्नवत किया गया है (चाहे पूँजीकरण की तारीख जो भी हो)-

क. फर्नीचर और फिक्स्चरः बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- 100 प्रतिशत की दर से

ख. कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर- 100 प्रतिशत की दर से

ग. भवन-मूल्यह्रासित मूल्य पद्धति पर- 5 प्रतिशत की दर से

घ. विद्युत संस्थापनाएं: बैंक के स्वामित्व वाली आस्तियाँ- मूल्यह्रासित मूल्य-पद्धति पर- 50 प्रतिशत की दर से

ङ. मोटर कार- सीधी रेखा पद्धति- 50 प्रतिशत की दर से

iv. वस्तुओं के जुड़ाव पर मूल्यह्रास का प्रावधान पूरे वर्ष के लिए होता है, किन्तु बिक्री/निस्तारण के वर्ष के लिए मूल्यह्रास नहीं होता।

v. पट्टाधारित भूमि का परिशोधन पट्टे की अवधि-पर्यन्त किया जाता है।

मुद्रा

आकस्मिक व्यय सहित अधिग्रहण की लागत पर आस्तियों को दर्शाया गया हैं। वित्त पोषण लागत सहित अपने इच्छित उपयोग के लिए आस्ति को कार्य करने की स्थिति में लाने के लिए सीधे लागत वाली सभी लागतों को भी पूंजीकृत किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के तहत उपयोगी जीवन के आधार पर सीधे लाइन विधि पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर के संबंध में आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 26 के आधार पर लागत का परिशोधन किया जाता है। ₹5,000/- या उससे कम की लागत वाली संपत्तियों को एक वर्ष की अवधि में मूल्यह्रासित कर दिया गया है।

एसवीसीएल-

अधिग्रहण की लागत पर आस्तियों के संचयी मूल्यह्रास को कम करके दर्शाया गया हैं। स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास दर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित तरीके से लिखित डाउन वैल्यू विधि के दर पर प्रदान किया गया है। खरीदे गए मोबाइल / टेलीफोन उपकरणों / टैबलेट उपकरणों की लागत को खरीद के वर्ष में राजस्व व्यय में ले लिया गया है। उन आस्तियों पर मूल्यह्रास जिनकी वास्तविक लागत पांच हजार रुपये से अधिक नहीं है, को 100% की दर से मूल्यह्रास प्रदान किया गया है।

12. आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान और आकस्मिक आस्तियाँ:

एएस 29 प्रावधानों के अनुसार आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियों को बैंक चिन्हीकृत करता है और जब पिछली घटनाओं के फलस्वरूप कोई वर्तमान दायित्व बनता है, संसाधनों के व्यय की संभावना रहती है और दायित्व की राशि के विषय में विश्वसनीय अनुमान किया जा सकता है, तब गणना में पर्याप्त सीमा तक अनुमान करते हुए प्रावधान किए जाते हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों का न तो निर्धारण होता है, न ही प्रकटन। आकस्मिक देयताओं हेतु प्रावधान नहीं किया जाता और तुलन-पत्र में उनका प्रकटन होता है तथा विवरण तुलन-पत्र की अनुसूचियों में दिए जाते हैं। आकस्मिक देयताओं और आकस्मिक आस्तियों के प्रावधानों की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है।

13. अनुदान एवं सब्सिडी:

सरकार तथा अन्य एजेंसियों से प्राप्त अनुदान एवं सब्सिडी का लेखांकन करार की शर्तों के अनुसार किया जाता है।

14. परिचालनगत पट्टा:

पट्टा संबंधी किराए को एएस-19 के अनुसार पट्टा अवधि में एक सीधी रेखा के आधार पर लाभ और हानि खाते में व्यय/आय के रूप में दर्शाया जाता है।

15. आस्तियों की क्षति

प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को आस्तियों की रख-रखाव राशियों की समीक्षा की जाती है, ताकि आंतरिक व बाह्य कारणों के आधार पर किसी क्षति का संकेत हो तो निम्नलिखित का निर्धारण किया जा सकेः

क. क्षति- हानि (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रावधान, अथवा

ख. पूर्ववर्ती अवधि में चिह्नित क्षति (यदि कोई हो) हेतु अपेक्षित प्रत्यावर्तन-निर्धारण

यदि किसी आस्ति की रख-रखाव राशि वसूली योग्य राशि से अधिक होती है तो क्षति-हानि का निर्धारण किया जाता है।

16. नकदी और नकदी समतुल्य:

नकदी प्रवाह विवरण के उद्देश्य से नकदी और नकदी समतुल्यों में हाथ में रोकड़, भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष, अन्य बैंकों में शेष तथा म्युचुअल फंड में ऐसा निवेश शामिल होता है, जिसकी मूल परिपक्वता अवधि तीन माह या कम की हो।

समेकित लेखों की अतिरिक्त टिप्पणियाँ

अनुबंध - I

1. समेकित वित्तीय विवरण में समाहित अनुषंगी संस्थाओं के ब्यौरे:

(राशि ₹ में)

क्रम सं.	सहायक संस्था का नाम	निगमन देश	स्वामित्व का अनुपात*	वर्ष अंत में लाभ /हानि	
				मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1	सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल)	भारत	100%	4,75,54,472	3,18,16,213
2	सिडबी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एसटीसीएल)	भारत	100%	50,02,018	51,13,156
3	माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा लि.)	भारत	100%	2,45,21,92,879	2,32,81,74,046
योग				**2,50,47,49,369**	**2,36,51,03,415**

मुद्रा लिमिटेड को छोड़ कर अन्य सभी सहायक संस्थाओं की वित्त वर्ष 2021 की वित्तीय विवरणियाँ अंकेक्षित हैं

* चूंकि अनुषंगी संस्थाओं के सभी शेयर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सिडबी के स्वामित्व में हैं, अल्पसंख्य हित के बारे में कोई अलग प्रकटन दर्शित नहीं किया गया है

2.क समेकित वित्तीय विवरण में समाहित सहायक संस्थाओं के चालू और पिछले वर्ष के ब्यौरे निम्नवत हैं:

(राशि ₹ में)

क्रम सं.	सहयोगी संस्था का नाम	धारिता का (%)		विवरण	निवेश (अंकित मूल्य)	निवेश		समाप्त वर्ष के लिए लाभ/(हानि) का हिस्सा		आरक्षतियों [1] में हिस्सा	
		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020			मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1	एक्यूटे रेटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व स्मेरा)[2]	35.73	35.73	एसएमई के लिए क्रेडिट रेटिंग एजेंसी	5,10,00,000	5,10,00,000	5,10,00,000	3,60,22,888	2,75,32,675	9,56,58,508	5,96,35,620
2	इंडिया एसएमई आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड[2]	26.00 [3]	26.00 [3]	आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी	26,00,00,000	26,00,00,000	26,00,00,000	16,43,292	(2,22,31,686)	3,32,85,178	3,16,41,887
3	दिल्ली वित्त निगम[4]	23.71	23.71	राज्य वित्त निगम	3,13,87,500	3,13,87,500	3,13,87,500	(10,04,72,015)	(51,43,321)	(3,66,375)	10,01,05,640
4	रिसीवेब्ल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड[5]	30.00	30.00	व्यापारिक प्राप्य राशियों की फैक्टरिंग / भुनाई के लिए आनलाइन प्लेटफार्म (ट्रेड्स)	15,00,00,000	15,00,00,000	11,25,00,000	(1,64,89,459)	(2,37,70,722)	(7,75,58,399)	(6,10,68,940)
5	एपिटको लिमिटेड[4]	41.29	41.29	तकनीकी परामर्श संगठन	80,10,000	54,70,975	54,70,975	(52,08,453)	30,96,682	3,45,22,441	3,97,30,893
6	किटको लिमिटेड[5]	49.77	49.77	तकनीकी परामर्श संगठन	4,90,00,000	24,95,296	24,95,296	(5,56,93,535)	(41,60,282)	21,98,57,900	27,55,51,435
7	इण्डिया एसएमई टेक्नालजी सर्विसेज लिमिटेड (पिछले वित्त वर्ष 2019-20 के समेकित वित्तीय विवरण शामिल)[7]	22.73	22.73	एमएसएमई को प्रौद्योगिकी सहयोग	1,00,00,000	1	1,00,00,000	(87,74,203)	(2,22,338)	-	87,74,203
योग						**50,03,53,772**	**47,28,53,771**	**(14,89,71,485)**	**(2,48,98,992)**	**30,53,99,253**	**45,43,70,738**

1 (i) मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए सहयोगियों में लाभ/ (हानि) का हिस्सा मद के तहत समेकित तुलन पत्र के "सहयोगियों में (अर्जन)/ हानि का हिस्सा मद" में,(₹14,89,71,485) (पिछले वर्ष (₹2,48,98,992/-)) नामे किया गया है ।

(ii) तुलन पत्र मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए की अनुसूची II -आरक्षितियाँ, अधिशेष और निधियां में, ₹30,53,99,253 (पिछले वर्ष ₹45,43,70,738/-) के आरक्षित निधि में शामिल।

2. मार्च 31, 2021 को समाप्त वर्ष की एक्यूट रेटिंग प्रा लि, इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड और इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के आंकड़े लेखापरीक्षित नहीं है ।

3. एसवीसीएल की 11% होल्डिंग (सिडबी की 100% सहायक संस्था) शामिल है।

4. 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए दिल्ली वित्त निगम और एपिट्को के आंकड़ों की लेखापरीक्षा की गई है।

5. रिसीवेबल्स एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के आंकड़े मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आईएनडी एएस के अनुसार लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित हैं।

6. किटको लिमिटेड के आंकड़े मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आईएनडी एएस के अनुसार गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित हैं।

7. इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड, एक सहयोगी जिसमें सिडबी की 22.73% हिस्सेदारी है (निवेश लागत: ₹1,00,00,000), परिसमापन के अधीन है और इसलिए, लेखांकन मानक 21 के अनुसार वित्त वर्ष 2020 के लिए समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में समेकन के लिए विचार नहीं किया जा रहा है। सिडबी ने मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अपने वित्तीय विवरणों में इस सहयोगी में निवेश पर पूर्ण प्रावधान किया है। इसके अलावा, विवेक की बात के रूप में, इस सहयोगी में आरक्षित भंडार के ₹87,74,203 शेयर को मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के समेकित लाभ और हानि विवरण में डेबिट किया जाता है।

ख. समेकित वित्तीय विवरण में निम्नलिखित सहयोगी संस्थाओं के परिणाम शामिल नहीं हैं। किन्तु निवेश के मूल्य में ह्रास के लिए वित्तीय विवरणों में पूर्ण प्रावधान किया गया है।

(राशि ₹ में)

क्रम सं.	सहयोगी संस्था का नाम	अंशधारिता (%)		विवरण	निवेश	निवेश के मूल्य में ह्रास	
		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020			मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1	बीएसएफसी	48.43	48.43	राज्य वित्त निगम	18,84,88,500	(18,84,88,500)	(18,84,88,500)
2	जीएसएफसी	28.41	28.41	राज्य वित्त निगम	12,66,00,000	(12,66,00,000)	(12,66,00,000)
3	एमएसएफसी	39.99	39.99	राज्य वित्त निगम	12,52,41,750	(12,52,41,750)	(12,52,41,750)
4	पी एफ सी	25.92	25.92	राज्य वित्त निगम	5,23,51,850	(5,23,51,850)	(5,23,51,850)
5	यूपीएसएफसी	24.18	24.18	राज्य वित्त निगम	21,67,59,000	(21,67,59,000)	(21,67,59,000)
योग					**70,94,41,100**	**(70,94,41,100)**	**(70,94,41,100)**

एमएसएफसी, पीएफसी और यूपीएसएफसी के अलावा अन्य एसएफसी के आंकड़े 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लेखापरीक्षित परिणामों पर आधारित हैं। एमएसएफसी और पीएफसी के बारे में, आंकड़े क्रमशः 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष और 31 मार्च, 2018 के लेखापरीक्षा किए गए परिणामों पर आधारित हैं। यूपीएसएफसी के संबंध में, 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए अनंतिम परिणाम उपलब्ध हैं।

ग. हालांकि निम्नलिखित निकायों के मामले में,बैंक के पास 20% से अधिक मताधिकार है, किन्तु उन्हें एसएस 23 'सहयोगी संस्थाओं में निवेश का समेकित वित्तीय विवरणों में लेखांकन' के अनुसार सहयोगी संस्था में निवेश नहीं माना गया है, क्योंकि उन्हें एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया गया है और तदनुसार निवेश का बुक मूल्य ₹1 / - लिया गया है।

(राशि ₹ में)

क्रम सं.	सहयोगी संस्था का नाम	अंशधारिता का (%)		विवरण	निवेश	
		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020		मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
1	बिहार औद्योगिकी एवं तकनीकी परामर्श संगठन लिमिटेड	49.25	49.25	तकनीकी परामर्श संगठन	1	1
2	पूर्वोत्तर औद्योगिकी एवं तकनीकी परामर्श संगठन लिमिटेड	43.44	43.44	तकनीकी परामर्श संगठन	1	1
3	ओड़ीशा औद्योगिकी एवं तकनीकी परामर्श संगठन लिमिटेड	49.42	49.42	तकनीकी परामर्श संगठन	1	1
					3	3

3. चालू वर्ष और पिछले वर्ष के दौरान सहयोगी संस्थाओं के साथ कोई महत्वपूर्ण लेन-देन नहीं हुआ है।

4. सिडबी की मूल्यह्रास नीति के अंतर्गत एसएलएम/डब्ल्यूडीवी के अनुसार पूर्व-निर्धारित दरों से आस्तियों पर मूल्यह्रास लगाया जाता है। इसके विपरीत सहायक एवं सहयोगी संस्थाएँ कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार एसएलएम/डब्ल्यूडीवी आधार पर मूल्यह्रास का परिकलन करती हैं। इस प्रकार समेकित वित्तीय विवरण में समाहित ₹24,08,96,441/- (गत वर्ष ₹18,36,84,906/) के कुल मूल्यह्रास में ₹5,02,713/- यानी राशि का 0.21% (गत वर्ष ₹9,67,513/- यानी राशि का 0.53%) का निर्धारण कंपनी अधिनियम 2013 में विहित मूल्यह्रास के अनुसार किया गया है।

5. कर्मचारियों के हितलाभ

(i) सिडबी

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा कर्मचारी हितलाभों के बारे में जारी लेखांकन मानकों (एएस 15) (2005 में पुनरीक्षित) के अनुसार कर्मचारियों को प्रदत्त विभिन्न हितलाभों को बैक ने निम्नानुसार वर्गीकृत किया है:

(क) परिभाषित अंशदान योजना

बैंक ने लाभ और हानि खाते में निम्नलिखित राशियों को अभिनिर्धारित किया है:

(राशि ₹ में)

विवरण	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
भविष्य निधि में नियोजक का अंशदान	7,90,27,233	8,01,88,984
नव पेंशन योजना में नियोजक का अंशदान	2,69,44,564	2,47,85,687

(ख) बैंक में सुपरिभाषित पेंशन और ग्रेच्युटी हितलाभ योजनाएं हैं जिनका प्रबंध ट्रस्ट द्वारा किया जाता है

(₹ करोड़)

	पेंशन		उपदान	
	वित्त 2021	वित्त 2020	वित्त 2021	वित्त 2020
1. धारणाएँ				
बट्टा दर	6.85%	7.00%	6.35%	7.00%
योजनागत आस्तियों पर प्रतिलाभ की दर	6.85%	7.00%	6.35%	7.00%
वेतन में बढ़ोत्तरी	5.50%	5.50%	5.50%	5.50%
ह्रास दर	2.00%	2.00%	2.00%	2.00%
2. हितलाभ देनदारियों में बदलाव को दिखाती सारणी				
वर्ष के आरंभ में देयताएँ	529.88	439.65	99.64	91.36
ब्याज लागत	30.78	34.20	6.54	6.63
मौजूदा सेवा लागत	14.92	13.79	5.68	5.18
पिछली सेवा लागत (अंतर्वेशित हितलाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
पिछली सेवा लागत (अंतर्वेशित हितलाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
भीतर अंतरित देयताएँ	0.00	0.00	0.00	0.00
(बाहर अंतरित देयताएँ)	0.00	0.00	0.00	0.00
(अदा किए गए हितलाभ)	(32.86)	(35.02)	(9.75)	(11.07)
देनदारियों पर बीमांकित (लाभ) / हानि	10.78	77.26	4.59	7.54
वर्ष के अंत में देयताएँ	**553.50**	**529.88**	**106.70**	**99.64**
3. योजनागत आस्तियों के उचित मूल्य की सारणी				
वर्ष के आरंभ में योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	468.69	410.23	108.15	110.98
योजनागत आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	33.96	33.28	7.24	8.06
अंशदान	32.86	35.02	0.22	0.09
अन्य कंपनी से अंतरित	0.00	0.00	0.00	0.00
(अन्य कंपनी को अंतरित)	0.00	0.00	0.00	0.00
(अदा किए गए हितलाभ)	(32.86)	(35.02)	(9.75)	(11.07)
योजनागत आस्तियों पर बीमांकित लाभ / (हानि)	(1.15)	25.18	(0.13)	0.09
वर्ष के अंत में योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	**501.50**	**468.69**	**105.73**	**108.15**

(₹ करोड़)

		पेंशन		उपदान	
		वित्त 2021	वित्त 2020	वित्त 2021	वित्त 2020
4.	**बीमांकित लाभ / हानि के अभिनिर्धारण की सारणी**				
	संबन्धित अवधि के लिए देयताओं पर बीमांकक (लाभ) / हानियाँ	10.78	77.26	4.59	7.54
	संबन्धित अवधि के लिए आस्तियों पर बीमांकक (लाभ) / हानियाँ	1.15	(25.18)	0.13	(0.09)
	आय व व्यय विवरणी मे अभिनिर्धारित बीमांकित (लाभ) / हानियाँ	**11.93**	**52.08**	**4.72**	**7.45**
5.	**योजनागत आस्तियों पर वास्तविक प्रतिलाभ**				
	योजनागत आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	33.96	33.28	7.24	8.06
	योजनागत आस्तियों पर बीमांकित लाभ / (हानि)	(1.15)	25.18	(0.13)	0.09
	योजनागत आस्तियों पर वास्तविक प्रतिलाभ	**32.81**	**58.46**	**7.11**	**8.15**
6.	**तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित राशि**				
	वर्ष की समाप्ति पर देयताएँ	(553.50)	(529.88)	(106.70)	(99.64)
	वर्ष की समाप्ति पर योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	501.50	468.69	105.73	108.15
	अंतर	(52.00)	(61.19)	(0.97)	8.51
	वर्ष की समाप्ति पर पिछली सेवा की अनिर्धारित लागत	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष की समाप्ति पर अनिर्धारित अंतर्वर्ती देयताएँ	0.00	0.00	0.00	0.00
	तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित निवल राशि	**(52.00)**	**(61.19)**	**(0.97)**	**8.51**
7.	**आय विवरणी में अभिनिर्धारित व्यय**				
	मौजूदा सेवा लागत	14.92	13.79	5.68	5.18
	ब्याज लागत	30.78	34.20	6.54	6.63
	योजनागत आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	(33.96)	(33.28)	(7.24)	(8.06)
	वर्ष के दौरान अभिनिर्धारित पिछली सेवा लागत (गैर-अंतर्वेशित हितलाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के दौरान अभिनिर्धारित पिछली सेवा लागत (अंतर्वेशित हितलाभ)	0.00	0.00	0.00	0.00
	वर्ष के दौरान अनिर्धारित अंतर्वर्ती देयताएँ	0.00	0.00	0.00	0.00
	बीमांकित (लाभ) / हानि	11.93	52.08	4.72	7.45
	लाभ व हानि खाते में अभिनिर्धारित व्यय	**23.67**	**66.79**	**9.70**	**11.20**
8.	**तुलन-पत्र का मिलान**				
	आरंभिक निवल देयताएँ	61.19	29.42	(8.51)	(19.62)
	यथोक्त व्यय	23.67	66.79	9.70	11.20
	नियोजक का अंशदान	(32.86)	(35.02)	(0.22)	(0.09)
	तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित राशि	**52.00**	**61.19**	**0.97**	**(8.51)**

9. **अन्य ब्यौरे**

बैंक की सूचना के अनुसार वेतन में बढ़ोत्तरी को विचार में लिया गया है जो कि पदोन्नति और कर्मचारी आपूर्ति को ध्यान में लेकर उद्योग-क्षेत्र में प्रचलित व्यवहार के अनुसार है

(₹ करोड़)

	पेंशन		उपदान	
	वित्व 2021	वित्व 2020	वित्व 2021	वित्व 2020
10. आस्ति वर्ग				
भारत सरकार की आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00
निगम बॉण्ड	0.00	0.00	0.00	0.00
विशेष जमा योजना	0.00	0.00	0.00	0.00
सूचीबद्ध कंपनियों के ईक्विटी शेयर	0.00	0.00	0.00	0.00
संपत्ति	0.00	0.00	0.00	0.00
बीमादाताओं द्वारा प्रबंधित निधियाँ	501.50	468.69	105.73	108.15
अन्य	0.00	0.00	0.00	0.00
योग	**501.50**	**468.69**	**105.73**	**108.15**

11. अनुभव समायोजन:

(₹ करोड़)

विवरण	पेंशन					उपदान				
	वित्व 2021	वित्व 2020	वित्व 2019	वित्व 2018	वित्व 2017	वित्व 2021	वित्व 2020	वित्व 2019	वित्व 2018	वित्व 2017
योजना देयता पर (लाभ)/हानि	(1.14)	46.87	(22.03)	66.81	(5.53)	(0.43)	3.28	(19.71)	10.18	(7.91)
योजना आस्ति पर (लाभ)/हानि	(1.15)	25.17	(2.32)	0.32	0.58	0.13	(0.09)	(0.35)	(0.10)	0.29

(ग) स्वतंत्र बीमांकक द्वारा प्रदत्त बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर अन्य योजनाबद्ध दीर्घकालिक हितलाभों के बारे में लाभ व हानि खाते को निम्नांकित राशियाँ प्रभारित की गई हैं

(₹ करोड़)

क्रम सं.	विवरण	यथा मार्च 31, 2021	यथा 31 मार्च, 2020
1	साधारण अवकाश नकदीकरण	25.26	23.43
2	रुग्णता अवकाश	0.34	(4.91)
3	पुनर्स्थापन व्यय	(0.29)	0.12
4	सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा योजना सुविधाएं	4.16	10.50

(ii) एसवीसीएल

वर्ष के दौरान कंपनी ने ₹4,21,596/- (पिछले वर्ष ₹6,41,977/-) की राशि का अंशदान अपने कर्मचारियों के लिए सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड कर्मचारी समूह उपदान योजना (ट्रस्ट) में किया है।

(राशि ₹ में)

विवरण	नियोजनोंपरांत हितलाभ वित्व 2021	नियोजनोंपरांत हितलाभ वित्व 2020
हितलाभ का स्वरूप	उपदान	उपदान
तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित आस्तियाँ व देयताएँ		
गैर-निधि-निक्षेपित परिभाषित हितलाभ संबंधी देनदारियों का वर्तमान मूल्य	शून्य	शून्य
निधिदत्त या अंशतः निधिदत्त परिभाषित हितलाभ देनदारियों का मौजूदा मूल्य	77,75,429	69,31,504
योजनागत आस्तियों का उचित मूल्य	76,04,491	70,32,386
पिछला सेवा व्यय जिसे तुलन-पत्र में अधिमानित नहीं किया गया है	शून्य	शून्य
ऐसी राशि जिसे बतौर आस्ति अभिनिर्धारित नहीं किया गया है	शून्य	शून्य
ऐसे प्रतिपूर्ति अधिकारों का उचित मूल्य जिन्हें आस्ति के रूप में अभिनिर्धारित किया गया है।	शून्य	शून्य
तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित अन्य राशियाँ, यदि कोई हों।	शून्य	शून्य
योजनागत आस्तियों के उचित मूल्य में शामिल राशियाँ:		
स्वयं के वित्तीय लिखत	शून्य	शून्य
संपत्ति या अन्य प्रयुक्त आस्तियां	शून्य	शून्य

(राशि ₹ में)

विवरण	नियोजनोंपरांत हितलाभ विव 2021	नियोजनोंपरांत हितलाभ विव 2020
बीमादाता द्वारा प्रबंधित निधियाँ	76,04,491	70,32,386
निवल देयताओं में बदलाव:		
आरंभिक निवल देयताएँ	(1,00,882)	(2,39,914)
व्यय	6,93,416	7,81,009
अंशदान	(4,21,596)	(6,41,977)
अंतिम निवल देयताएँ	1,70,938	(1,00,882)
लाभ व हानि विवरणी में अभिनिर्धारित व्यय		
मौजूदा सेवा लागत	3,16,508	3,75,677
ब्याज लागत	4,80,353	4,60,142
योजनागत आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	(4,87,344)	(4,79,191)
प्रतिपूर्ति अधिकारों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	लागू नहीं	लागू नहीं
बीमांकीय लाभ / (हानियाँ)	(3,83,899)	(4,24,381)
लाभ व हानि विवरणी में अभिनिर्धारित कुल व्यय	6,93,416	7,81,009
पिछली सेवा की लागत	शून्य	शून्य
कटौती / निपटान का प्रभाव	शून्य	शून्य
पैरा 59(बी) की सीमा का प्रभाव	लागू नहीं	लागू नहीं
योजनागत आस्तियों और आस्ति के तौर पर अभिनिर्धारित प्रतिपूर्ति अधिकारों पर वास्तविक प्रतिलाभ	शून्य	शून्य
बीमांकिक धारणाएँ		
बट्टा दरें	6.93%	7.94%
योजनागत आस्तियों पर प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर	6.93%	7.94%
प्रतिपूर्ति अधिकारों पर प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर	शून्य	शून्य
वेतन में वृद्धि की प्रत्याशित दर	5.00%	5.00%
चिकित्सा लागत की प्रवृत्तियाँ	लागू नहीं	लागू नहीं
मर्त्यशीलता	भारतीय बीमाकृत जीवन मर्त्यता (2006-08)	भारतीय बीमाकृत जीवन मर्त्यता (2006-08)
अपंगता	शून्य	शून्य
ह्रास	2.00%	2.00%
सेवानिवृत्ति की आयु	60 Years	60 Years

(iii) मुद्रा

(क) सभी कर्मचारी भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं, और मुद्रा में प्रतिनियुक्त इन कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, छुट्टी नकदीकरण और वेतन बकाया का ध्यान इस कंपनी में स्टाफ को प्रतिनियुक्ति पर भेजने वाले नियोजको द्वारा ही रखा जाता है। तथापि मुद्रा द्वारा चालू वर्ष में लाभ और हानि खाते में ₹19.61 लाख (मार्च 2020 में ₹20.54 लाख) की राशि का प्रावधान किया गया है ताकि उपर्युक्त कंपनियों द्वारा जब भी इन खर्चों की मांग की जाती है तब इसे सिडबी को अदा किया जा सकेगा। संविदा कर्मचारियों के संबंध में कोई भी नियोजन पश्चात कर्मचारी लाभ लागू नहीं है।

ख. अतः कंपनियों के लेखांकन मानक नियम 2006 के अंतर्गत जारी पुनरीक्षित ए एस15- कर्मचारी हितलाभ के अनुसार कोई प्रकटीकरण अपेक्षित नहीं है।

6 प्रति शेयर अर्जन*:

(राशि ₹ में)

	मार्च 31, 2021	मार्च 31, 2020
ईपीएस गणना के लिए हिसाब में लिया गया निवल लाभ	26,07,54,76,492	25,44,85,86,153
प्रति ₹10 के अंकित मूल्य पर ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	53,19,22,031	53,19,22,031
प्रति शेयर अर्जन	49.02	47.84

*चूंकि कोई विलेय संभावित ईक्विटी शेयर नहीं हैं, इसलिए मूल एवं विलयित ईपीएस एक समान हैं।

7 लेखांकन मानक 22, आय पर कर का लेखांकन, के अनुसार बैंक ने आस्थगित कर आस्तियों / देयताओं की समीक्षा की है और 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि खाते में आस्थगित कर आस्ति के रूप में ₹33,54,64,587/- (गत वर्ष आस्थगित कर आस्ति ₹9,68,48,720/-) का निर्धारण किया है।

यथा 31 मार्च, 2021 आस्थगित कर आस्ति/(देयता) की पृथक-पृथक राशियाँ निम्नवत हैः

(राशि ₹ में)

क्रम सं	समय-अंतराल	वि व 2020-21 (₹) आस्थगित कर आस्ति / (देयता)	वि व 2019-20 (₹) आस्थगित कर आस्ति / (देयता)
1	मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	67,00,765	37,17,630
2	आयकर अधिनियम 1961की धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षिति	(3,71,54,81,342)	(3,52,02,16,577)
3	अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	65,68,80,198	1,20,50,72,585
4	भारत सरकार के बॉण्डों पर प्रीमियम का परिशोधन	(1,06,49,427)	(2,12,98,854)
5	लेखों की पुनर्संरचना हेतु प्रावधान	54,95,443	1,63,22,587
6	अग्रानीत दीर्घावधि पूँजी हानि	-	-
7	गैर निष्पादक निवेश के लिए प्रावधान	-	-
8	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	2,93,20,85,788	1,64,85,24,603
9	अन्य	64,59,94,738	1,52,43,68,776
	निवल आस्थगित कर आस्ति / (देयता)	**52,10,26,163**	**85,64,90,750**

8 पूंजीगत खाते में निष्पादन हेतु लंबित संविदाओं से संबन्धित प्राकलित राशि ₹75,66,907/-(गत वर्ष ₹21,02,888/-) (अदा किए गए अग्रिम को घटाकर) का प्रावधानीकरण नहीं किया गया है।

9 **दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचा:**

बैंक ने 7 जून, 2019 दिनांक के भारतीय रिज़र्व बैंक के दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचा विषयक परिपत्र के अनुसार रिज़ॉल्यूशन प्लान (आर पी) लागू किया है, उसमें मामलों की संख्या शून्य है। इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र दिनांक 17 अप्रैल, 2020 के अनुसार दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचा के अंतर्गत "कोविड 19 रेगुलेटरी पैकेज - समाधान समय की समीक्षा", के तहत खातों की संख्या 'शून्य' है।

"कोविड-19 से संबंधित दबाव के लिए समाधान ढांचा" पर आरबीआई के 06 अगस्त, 2020 के परिपत्र के अनुसार, जहां बैंक ने समाधान योजना लागू की है, 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए उक्त परिपत्र के प्रारूप-ए में निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रकटीकरण इस प्रकार है:-

उधारकर्ता का प्रकार	(क) इस विंडो के तहत उन खातों की संख्या जहां समाधान योजना लागू की गई है	(ख) योजना के कार्यान्वयन से पहले (ए) में उल्लिखित खातों में एक्सपोजर	(ग) (ख) मेंसे, ऋण की कुल राशि जिसे अन्य प्रतिभूतियों में परिवर्तित किया गया था	(घ) अतिरिक्त मंजूर धनराशि, यदि कोई हो, जिसमें योजना को लागू करने और कार्यान्वयन के बीच शामिल है	(च) समाधान योजना के कार्यान्वयन के कारण प्रावधानों में वृद्धि
वैयक्तिक ऋण	---	---	---	---	---
नैगम व्यक्ति*	7 खाते (एकल उधारकर्ता से संबन्धित है)	17.30	0	1.55 (एफ़आईटीएल)	3.46
जिनमें से एमएसएमई	7 खाते (एकल उधारकर्ता से संबन्धित है)	17.30	0	1.55 (एफ़आईटीएल)	3.46
अन्य					
कुल	7 खाते (एकल उधारकर्ता से संबन्धित है)	17.30	0	1.55 (एफ़आईटीएल)	3.46

* जैसा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 3(7) में परिभाषित किया गया है

10 27 मार्च, 2020, 17 अप्रैल, 2020 और 23 मई, 2020 को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित कोविड-19 विनियामक पैकेजों के अनुसार, बैंक ने अपनी बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार, 1 मार्च, 2020 और 31 अगस्त, 2020 के बीच मानक के रूप में वर्गीकृत सभी पात्र उधारकर्ताओं के लिए, भले ही 29 फरवरी, 2020 तक अतिदेय हो के सभी किश्तों के और / या ब्याज, जैसा लागू हो पुनर्भुगतान पर अधिस्थगन की पेशकश की है। ऐसे खातों के संबंध में जिन्हें अधिस्थगन प्रदान किया गया था, अधिस्थगन अवधि के दौरान आस्ति वर्गीकरण स्थिर रहा। 17 अप्रैल, 2020 के भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र के अनुसार आवश्यक प्रकटन नीचे दिए गए हैं:

विवरण	राशि (₹ करोड़)
परिपत्र के पैरा 2 और 3 के अनुसार (29 फरवरी, 2020 तक) एसएमए / अतिदेय श्रेणियों में जहां ऋण स्थगन / अधिस्थगन प्रदान किया गया ।	620.66
संबंधित राशियाँ जहाँ आस्ति वर्गीकरण लाभ विस्तारित किया गया है (30 सितंबर, 2020)	53.47
परिपत्र के पैरा 5 के अनुसार वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	27.99
परिपत्र के पैरा 6 के अनुसार गिरावटों के प्रति समायोजित प्रावधान	27.99
परिपत्र के पैराग्राफ 6 के अनुसार 31 मार्च, 2021 के दौरान अवशिष्ट प्रावधान	-

11 **अनुसूची XI में संदर्भित आकस्मिक देयताएं**

